26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 18 नवम्बर, 2026
अंक- 24 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

फ्लेट बिकाऊ हैं

बिजनौर में बिजनौर-मेरठ रोड पर नेहरु स्टेडियम (तरण ताल) के सामने कॉम्पलैक्स के पीछे फर्स्ट, सेकेण्ड, थर्ड फ्लोर पर तीन फ्लेट 2+1 बी.एच.के. कार पार्किंग व लिफ्ट की सुविधा के साथ बिकाऊ हैं। खरीदने के इच्छुक व्यक्ति शीघ्र सम्पर्क करें।

मो. 9897899730

आवश्यकता है

R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL
(C.B.S.E. Patteran An English Medium)

ग्राम फतेहपुर कलां, बिजनौर को कक्षा 5 से कक्षा 10 तक अंग्रेजी और विज्ञान हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार। स्टाफ के लिये आने व जाने की सुविधा।

मो. 8394838034, 8954568123, 9359888044

आतंकी बोला- सरेंडर नहीं करूंगा अल्लाह से मिलना है

सीआरपीएफ जवानों पर हमला करने वाला लश्कर कमांडर मस्जिद में छिपा था, सुरक्षाबलों ने मार गिराया

कुलगाम (एजेंसी/चिंगारी)। सीआरपीएफ पोस्ट पर फायरिंग करने वाले लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी लतीफ भट को सुरक्षाबलों ने आज एनकाउंटर में मार गिराया। वह एक मस्जिद के अंदर छिपा था। मुठभेड़ से पहले जवानों ने उसे वीडियो कॉल कर सरेंडर करने के लिए कहा। पुलिस अधिकारी ने उससे कहा, 'हम तुम्हारे साथ हैं, जिंदगी अभी बाकी है।' लतीफ ने जवाब दिया, 'मुझे अल्लाह से मुलाकात करना है। बहुत खुश हूं मैं। सरेंडर नहीं करूंगा।'

सुरक्षाबलों के मुताबिक, लतीफ ने उमर निसार डार के साथ 11 नवंबर को नौपोरा अखरान में सीआरपीएफ की पोस्ट पर फायरिंग की थी। इसमें 3 जवान घायल हो गए थे। इसके बाद से दोनों फरार थे। 16 नवंबर को अखरान के लारू इलाके में दोनों आतंकियों को पुलिस ने घेर लिया था। फायरिंग में उमर मारा गया, लेकिन लतीफ भाग निकलने में कामयाब हो गया था। उसके पैर में गोली लगी थी। इसके बाद पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। दो दिन बाद फिर देवसर इलाके के जांगलपोरा गांव की एक मस्जिद में छिपे होने की जानकारी मिली थी।



22 साल के लतीफ पर पुलिस ने 15 लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। वह 2025 की शुरुआत में घर से लापता हो गया था। इसके बाद उसके परिवार ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाद में पाकिस्तान में बैठे ऑपरेटिव सज्जाद गुल ने उसे लश्कर-ए-तैयबा और उसके प्रॉक्सी नेटवर्क टीआरएफ में भर्ती किया था।

6 महीने में चौथा कमांडर मारा गया


पिछले 6 महीने में जम्मू-कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा के 4 कमांडर मारे गए। इनमें लतीफ के अलावा जाकिर अहमद गनई, यासिर और मूसा उर्फ आसिफ फौजी शामिल हैं। जाकिर अहमद गनई 8 जुलाई 2026 को शोपियां में मारा गया, जबकि यासिर 4 सितंबर को ऑपरेशन असधर और मूसा उर्फ आसिफ फौजी 30 सितंबर को बडगाम में ऑपरेशन शेरुवाली के दौरान मारा गया।

हाइवे पर भीषण टक्कर में एक व्यक्ति की मौत, पांच घायल

शेरकोट (चिंगारी)। मंगलवार की रात नेशनल हाईवे पर कार की अज्ञात वाहन से हुई भीषण टक्कर में कार सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार हेतु शेरकोट थाने की एम्बुलेंस से सीएचसी धामपुर कर और शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मंगलवार की रात अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम हिदायतपुर उर्फ चौहडवाला टांडा निवासी महबूब अहमद 45 वर्ष पुत्र नत्थू खां,नसीम अहमद पुत्र याकूब अहमद 26 वर्ष, मौ.कासिम 26 वर्ष पुत्र मौ याकूब, मोसिन 28 वर्ष पुत्र नफीस अहमद,वकार अली 27 वर्ष पुत्र किफायत अली और इकबाल पुत्र जमीर अहमद निवासी ग्राम नाबका थाना अफजलगढ अर्टिगा कार में सवार होकर दिल्ली जा रहे थे। बताया जाता है कि कार इकबाल चला रहा था और महबूब चालक के पास अगली सीट पर बैठे हुए थे। जब ये हाइवे पर स्थित ग्राम भनौटी की पुलिया के पास पहुंचे तो कार की अज्ञात वाहन से भीषण टक्कर हो गई। जिसमें महबूब अहमद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और उन्हें काफी मुश्किल से कार से बाहर निकाला गया। इस घटना में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को उपचार हेतु सीएचसी धामपुर पहुंचा दिया। बताया जाता है कि हालत गंभीर होने के कारण नसीम अहमद को धामपुर से जिला अस्पताल बिजनौर के लिए रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने बताया कि रात में ही दुर्घटनाग्रस्त कार को हटवाकर हाइवे पर यातायात सुचारु करा दिया गया है। महबूब अहमद के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



दुर्घटनाग्रस्त कार



मृतक का फाइल फोटो।

रुस जा रहे भतीजे को दिल्ली एयरपोर्ट छोड़ने जा रहे थे महबूब अहमद

कार में सवार मोहसिन,वकार और कासिम नौकरी के सिलसिले में रूस जा रहे थे। बुधवार को दिल्ली से इनकी प्लाइट थी। कासिम को एयरपोर्ट छोड़ने उनके चाचा महबूब और भाई नसीम उनके साथ जा रहे थे। रास्ते में ये हादसा हो गया, जिसमें महबूब अहमद की मौत हो गई जबकि नसीम गम्भीर रूप से घायल हो गया।



चिंगारी खबर का हुआ असर, धर्मेंद्र को मिली इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल

खासपुरा(चिंगारी) चिंगारी में छपी खबर का बड़ा असर हुआ है। 100 प्रतिशत दिव्यांग धर्मेंद्र को महज दो दिन में ही लेफ्ट-राइट इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल मिल गई है। ट्राईसाइकिल पाकर धर्मेंद्र बहुत खुश हैं। उन्होंने चिंगारी का और जिम्मेदार अधिकारियों का दिल से धन्यवाद कहा।

धर्मेंद्र ने बताया कि साल 2012 में उन्हें हाथ से चलने वाली ट्राईसाइकिल मिली थी। उसके बाद से आज तक कोई भी मदद नहीं हुई। इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल के लिए कई बार आवेदन किया, हर बार फॉर्म भरा, हर बार कागज दिए, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला – हो जाएगा, आ जाएगा।



ग्रामीणों ने मिठाई खिलाकर दी बधाई

धर्मेंद्र ने कहा – मैं भीख नहीं मांग रहा था, मैं अपना हक मांग रहा था। चिंगारी में खबर छपने के बाद मामला अधिकारियों के संज्ञान में आया, तब जाकर मुझे साइकिल मिली है। साइकिल पाकर बहुत खुश हूं।

इस मौके पर ग्रामीणों में संजय कर्णवाल, हरमनदर सिंह,शुभम कर्णवाल , अजय कुमार,ने धर्मेंद्र को मिठाई खिलाकर और साइकिल देकर बधाई दी। बता दें कि धर्मेंद्र 100 प्रतिशत दिव्यांग हैं, चल-फिर नहीं सकते। 6 छोटे-छोटे बच्चों के पिता हैं। सरकार से सिर्फ 1000 रुपये पेंशन मिलती है, जिसमें 8 लोगों के परिवार का गुजारा होना नामुमकिन है। फिर भी धर्मेंद्र ने कभी किसी के आगे हाथ नहीं फैलाया। घर पर ही सिलाई मशीन चलाकर बच्चों का पेट पालते हैं, भीख नहीं मांगते, मेहनत करते हैं।


100 प्रतिशत दिव्यांग, कई बार आवेदन के बाद भी नहीं मिली इलेक्ट्रॉनिक ट्राईसाइकिल

सिलाई मशीन ही सहारा

अब इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल मिलने से धर्मेंद्र खुद से आ-जा सकेंगे, बिना किसी के सहारे के काम कर सकेंगे। उन्होंने कहा – अब मैं और मेहनत करके अपने बच्चों को पाल लूंगा।

गांव के लोगों ने भी खुशी जताई और कहा कि चिंगारी की खबर ने एक गरीब दिव्यांग परिवार की जिंदगी बदल दी।

भरैका में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में भक्तिरस में डूबे श्रद्धालु

नजीबाबाद (चिंगारी)। तहसील नजीबाबाद के अंतर्गत ग्राम सभाचंदपुर-भरैकी स्थित चेतना कर्मशाला के शिव मंदिर प्रांगण में 15 नवंबर से चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गये हैं। कथा के दौरान व्यास गद्दी पर विराजमान पंडित उमेश महाराज ने अपने मधुर कंठ से श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराकर सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। उन्होंने कलश यात्रा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कथा के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया तथा पुराणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कथा का श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी भक्तजनों ने बड़े प्रेम व श्रद्धाभाव से कथा का आनंद लिया। इस अवसर पर मुख्य यजमान डॉ. यतेन्द्र कुमार शर्मा, चेतन कुमार शर्मा सहित समस्त परिवारजन एवं अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।



रसोइयों ने 18 हजार मानदेय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का दर्जा देने को किया प्रदर्शन

नजीबाबाद (चिंगारी)। ब्लॉक नजीबाबाद की प्रगतिशील रसोइयां संगठन से जुड़ी महिलाओं ने थाना मंडावली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भागूवाला स्थित बारातघर में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाओं ने उत्तराखंड के हरिद्वार में 18 नवंबर को प्रगतिशील भोजन माता संगठन की ओर से प्रस्तावित हड़ताल का समर्थन करते हुए प्रदेश सरकार से रसोइयों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग उठाई। कुसुम देवी की अध्यक्षता एवं सुनीता देवी के संचालन में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि विद्यालयों में कार्यरत रसोइया लंबे समय से बेहद कम मानदेय पर अपनी सेवाएं दे रही हैं, लेकिन इसके बावजूद उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। बैठक में प्रदेश सरकार से सभी रसोइयों को नियमित करने, न्यूनतम 18 हजार रुपये मासिक वेतन देने, बच्चों की संख्या कम होने के आधार पर मनमाने ढंग से रसोइयों को विद्यालयों से न हटाने, उनके उत्पीड़न एवं शोषण पर रोक लगाने, आंगनबाड़ी के बच्चों के भोजन का पैसा रसोइयों को दिलाने, उनसे बिना पारिश्रमिक अतिरिक्त कार्य न कराने तथा सभी रसोइयों को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी घोषित करने सहित विभिन्न मांगें प्रमुखता से उठाई गईं। बैठक के बाद संगठन की महिलाओं सुनीता देवी, कुसुम, तारा देवी, सुमित्रा, प्रमिला, आसमा, पिंकी, शोभा, किरण एवं बबली तथा अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद हुसैन के नेतृत्व में नारेबाजी करती हुई पुलिस चौकी स्वामी अवधेशानंद भागूवाला पहुंचीं जहां मंडावली थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह राठी को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम संबोधित मांग पत्र सौंपा गया।




बहुजन स्वराज संकल्प महारैली सफल बनाने को अभियान तेज

नजीबाबाद (चिंगारी)। भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने 26 नवंबर संविधान दिवस के अवसर पर माता रमाबाई अंबेडकर मैदान शारदा नगर शहीद पथ लखनऊ में आयोजित बहुजन स्वराज संकल्प महारैली सफल बनाने को अभियान तेज कर दिया है। रैली का नेतृत्व नगीना लोकसभा सांसद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी चंद्रशेखर आजाद करेंगे। रैली सफल बनाने के लिए भीम आर्मी तहसील विधानसभा टीम नजीबाबाद में ग्राम भदोला, झक्काकी, मौअज्जमपुर सादात सहित कई गांव जाकर पैदल यात्रा की तथा सभा का आयोजन किया, जिसमें ग्रामीणों से 2027 के चुनाव में चंद्रशेखर आजाद को मुख्यमंत्री बनाने के लिए एकजुट होने की अपील की गई। सभा में विष्णु कुमार गौतम तहसील अध्यक्ष भीम आर्मी, सुखबीर सिंह प्रधान जिला उपाध्यक्ष असपा, अशोक कुमार विधानसभा अध्यक्ष, मोनू कुमार, पंकज कुमार, लोकेंद्र सिंह, अमित कुमार, आशीष जाटव आदि मौजूद रहे।

सूचना

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम Salim Ahmad दर्ज है। जो कि गलत दर्ज है। मेरा सही एवं वास्तविक नाम Salim Ahamad है। मुझको भविष्य में इसी नये नाम से जाना पहचाना जाये। -सलीम अहमद पुत्र अनीस अहमद, ग्राम श्यामीवाला तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर

ATHER
असली इलेक्ट्रिक
एथर इलेक्ट्रिक/
अब धामपुर में।
ATHER EXPERIENCE CENTER, DHAMPUR
Address:- Indra Nagar Colony Near Ayushman Hospital Dhampur Bijnor - 246761
Mob. 9240083181
सभी को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं


रेंजर महेश गौतम मेरा कट्टर दुश्मन, छवि धूमिल करने के लिये मुक़दमा दर्ज कराया- स्वामी ओमवेश

बिजनौर (चिंगारी)। दारानगर गंज आरक्षित वन खण्ड के बारहसिंगा अभ्यारण्य क्षेत्र में 10 बीघा जमीन पर पिलर लगाकर कथित रूप से अवैध कब्जा करने के मामले में चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश और उनके सात कर्मचारियों के विरुद्ध वन्य जीव अधिनियम और जैव विविधता अधिनियम के तहत वन विभाग द्वारा मुकदमा दर्ज कराये जाने का मामला तूल पकड़ रहा है। स्वामी ओमवेश ने इसे अपने विरुद्ध राजनीतिक षडयंत्र बताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करते हुए रेंजर के काले कारनामों की जांच कराने की मांग की है।

बता दें कि रेंजर महेश गौतम ने सपा विधायक स्वामी ओमवेश तथा सात अन्य लोगों के विरुद्ध कथित रूप से वन विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। स्वामी ओमवेश ने इसे अपनी राजनीतिक छवि धूमिल करने का षडयंत्र बताते हुए रेंजर को चेतावनी दी कि वह और उनके सहयोगी औलाद की कसम खाकर कहें कि मैंने मौके पर खड़े होकर पिलर लगवाये हैं तो मैं खुद को कानून के हवाले कर दूंगा।



स्वामी ओमवेश ने दो टूक कहा कि सारा जिला जानता है मैंने कभी भी किसी की भूमि पर अवैध कब्जा नहीं किया है, बल्कि मैंने हमेशा लोगों की मदद की है। उन्होंने कहा कि रेंजर महेश गौतम उनसे जलते हैं और उन्हें अपना कट्टर दुश्मन मानते हैं। वो इसलिये कि उन्होंने एक साल पहले दिशा की बैठक में रेंजर से यह पूछ लिया था कि वह प्रति वर्ष वन विभाग की जमीन ठेके पर देकर कितनी अवैध उगाही करते हैं और चोरी से कितने सरकारी पेड़ कटवाते हैं। इस कारण महेश गौतम मुझसे रंजिश रखते हैं। लाखों रुपये रेंजर महेश गौतम अवैध रूप से कमाते हैं। स्वामी ओमवेश ने कहा कि मेरे विरुद्ध षडयंत्र हो रहा है। इस पूरे प्रकरण की जांच होनी चाहिए। महेश गौतम जब से बिजनौर रेंज के रेंजर बने हैं, वन विभाग की जमीनों को कितने लाखों रुपये में ठेके पर देते रहे हैं और कितने पेड़ कटवाये हैं, इसकी भी जांच होनी चाहिए। मैं इनके काले कारनामों को न उठा सकूं, इसलिये मेरे विरुद्ध षडयंत्र रचा गया है। उन्होंने अपने विरुद्ध दर्ज कराये गये मुकदमे को पूरी तरह निराधार व झूठा बताया है।

दूल्हे की कार पर गन्ने की पूली गिरने से हादसा टला

शेरकोट (चिंगारी)। गन्ने से भरे ट्रक के पास से गुजर रही दूल्हे की कार पर अचानक गन्ने की पूली गिर जाने से हादसा होने से बच गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, परंतु कार मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गई।

मंगलवार की दोपहर थाना क्षेत्र के ग्राम हरेवली निवासी मौ नाजिम की बारात कांठ थाना क्षेत्र के एक गांव में जा रही थी। इस दौरान जब बारात शेरकोट ईदगाह के निकट पहुंची तो अचानक दूल्हा की गाड़ी पर शुगर मिल जा रहे ट्रक से गन्ने की एक पूली गिर गई, जिसके बाद कार चालक ने सूझबूझ से किसी तरह कार को अनियंत्रित होने से बचा कर बड़ा हादसा होने से रोक दिया। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। ट्रक चालक के गलती मानने पर बारात के लोग बिना किसी कार्रवाई के अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गये।

चावल से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, हाईवे पर लगा जाम

शेरकोट (चिंगारी)। हरेवाली चौराहे के निकट चावल से भरा ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से हाइवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा ट्रैक्टर-ट्राली और सड़क पर बिखरे चावल हटवा कर यातायात सुचारु कराया गया।



जानकारी के अनुसार अफजलगढ़ थाना क्षेत्र ग्राम भज्जावाला निवासी राहुल कुमार मंगलवार की रात 8:00 बजे धामपुर से ट्रैक्टर-ट्राली में चावल भरकर अफजलगढ़ के ग्राम जिगरीवाला जा रहा था। हरेवली तिराहे के निकट पहुंचने पर चालक ट्रैक्टर को सड़क किनारे खड़ा कर पास में स्थित दुकान से कुछ सामान लेने चला गया। बताया जाता है कि इस दौरान ढाल पर खड़ा ट्रैक्टर अचानक चल पड़ा और अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, परंतु ट्राली में भरा चावल सड़क पर फैल जाने के कारण जाम की स्थिति बन गई। घटना का पता लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा ट्रैक्टर-ट्राली व चावल हटवाकर कुछ देर बाद ही यातायात व्यवस्था सुचारू करा दी गई।

अंबेडकर क्लब झालू ने आयोजित किया क्रिकेट टूर्नामेंट



शिवम एडवोकेट ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

झालू (चिंगारी)। अंबेडकर क्लब झालू के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार शाम समापन हो गया। समापन अवसर पर शिवम एडवोकेट ने कार्यक्रम में शिरकत कर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की और उनके खेल प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण, शारीरिक क्षमता और मानसिक मजबूती का भी महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों के जरिए युवाओं में आपसी सहयोग, अनुशासन और नेतृत्व की भावना विकसित होती है।

उन्होंने सरकार से झालू में आधुनिक खेल स्टेडियम स्थापित कराने की बात कही, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए बेहतर मैदान और सुविधाएं उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर आकाश वाल्मीकि (जिला मंत्री अनुसूचित मोर्चा भाजपा), शुभम नाथ, नामित सभासद हरस्वरूप, मधुसूदन जोशी, पुष्पेंद्र कुमार, आकाश सैनी, विकास सैनी, मंडल मंत्री निखिल जोशी, अंकित जोशी, भोलू जोशी, मनीष रटोलिया आदि लोग मौजूद रहे।

Hero
आख़िरी दो दिन
125 CC का धमाका ऑफर
Hero
तुरंत आवश्यकता है कुशल महिला टेलीकॉलर्स की
सबसे सस्ती फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध

3000 CASH BONUS
+
अतिरिक्त डिस्काउंट
+
आकर्षक उपहार
कविता ऑटो
निकट श्री हॉस्पिटल किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल नम्बर
9289922765

भली लगे या बुरी...

प्रदूषण और प्राकृतिक आपदाएं

पिछले एक दशक पर नजर डालें तो प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। क्या नदियां या समुद्र और क्या पहाड़, सभी की प्राकृतिक संरचना तेजी से बदल रही है। इसके पीछे प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन प्रमुख कारण है। हमने अपने स्वार्थ में जमीन को दूषित कर दिया, पहाड़ों को खोखला कर दिया और समुद्र को कचरे से भर दिया। कोई ऐसी जगह नहीं, जहां इंसान ने अपनी दूषित मानसिकता के चलते प्रदूषण न फैलाया हो। खासकर हिन्दुस्तान में चप्पे-चप्पे पर अतिक्रमण और प्रदूषण का बोलबाला है। ऐसे में जिस तेजी से हाल के वर्षों में दुनिया में प्रकृति का तांडव बढ़ा है, वह अब खतरनाक दौर में पहुंच रहा है। पहाड़ ही नहीं समुद्र किनारे बसे द्वीपों पर खतरे के बादल भी सर्वाधिक हैं। इसका सबसे बड़ा कारण समुद्र का बढ़ता जलस्तर है। आशंका है कि कहीं मॉरीशस, लक्षद्वीप और अंडमान द्वीप समूह के साथ श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे मुल्कों का अस्तित्व ही समाप्त न हो जाए। एक आकलन के अनुसार अब तक पूरी दुनिया में करीब 2.5 करोड़ लोग द्वीपों के डूबने के कारण विस्थापित हुए हैं। यदि राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान की मानें तो खाड़ी के द्वीपों में से ज्यादातर के हालात ठीक नहीं हैं। पर्यटन के लिहाज से बड़े केन्द्र और खूबसूरत देशों में शुमार मालदीव पर भी खतरा मंडरा रहा है। बताया जाता है कि जलवायु परिवर्तन के कारण मालदीव ने आबादी को नई जगह बसाने की योजना बनायी है और इसके लिए जमीन खरीदने पर भी विचार कर रहा है।

हालात का जायजा लें तो पाते हैं कि अब तक समुद्र के जलस्तर बढ़ने से दुनिया में 18 द्वीप पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं। 54 द्वीपों के समूह सुन्दरवन पर खतरा मंडरा रहा है। गौरतलब है कि 2014 के लोकसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल के सुन्दरवन के मतदाताओं के लिए द्वीपों के डूबने का खतरा चुनाव में बड़ा मुद्दा बना था। यहां के मतदाताओं ने उम्मीदवारों से वायुमंडलीय तापमान में इजाफे के खतरे पर ध्यान देने की अपील की थी। रॉयल बंगाल टाइगर के लिए मशहूर सुन्दरवन द्वीप समूह में कुल मिलाकर 40 लाख से भी ज्यादा मतदाता हैं। सुन्दरवन खासतौर से बाढ़, तूफान, लवणता और कटाव की बढ़ती समस्याओं से प्रभावित रहा है। यहां पिछले 30 सालों में कटाव के चलते 7000 लोगों को विस्थापन का दंश झेलना पड़ा है। 10,000 की आबादी वाला भारत का लोहाचार द्वीप 1996 में ही बर्बाद हो गया था। बीते 25 सालों में बंगाल की खाड़ी में स्थित घोड़ामारा द्वीप नौ वर्ग किलोमीटर से घटकर 4.7 वर्ग किलोमीटर रह गया है। बंगाल की खाड़ी में समुद्र का जलस्तर 3.3 मिलीमीटर प्रति वर्ष की रफ्तार से बढ़ रहा है।

अखिलेश की दुखती नब्ज ने बढ़ाया कांग्रेस का हौसला



-संजय सक्सेना
लखनऊ, वरिष्ठ पत्रकार
मो-9454105568

उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर होने वाली बैठक पर विराम लग गया है। राजनीतिक विश्लेषकों और विभिन्न मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, दोनों दलों के बीच शुरुआती मांगों में बड़ा अंतर होने के कारण अंतिम सहमति बनने में अभी कुछ समय लग सकता है। इसकी वजह से दोनों के बीच कई बार बैठक टलने या गर्मागर्मी देखने को मिल सकती है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान इस बात की पुष्टि की कि कांग्रेस ने गठबंधन में 181 सीटों की मांग रखी है। वहीं, कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम के बयानों के हवाले से बताया जा रहा है कि कांग्रेस ने 175 से 200 सीटों का प्रस्ताव रखा है। दूसरी ओर, अन्य मीडिया स्रोतों के मुताबिक, समाजवादी पार्टी जीतने की क्षमता के आधार पर कांग्रेस को केवल 60 से 70 या अधिकतम 75 से 80 सीटें ही देने पर विचार कर रही है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि चुनाव की तारीखें करीब आने तक यह खींचतान जारी रह सकती है। गठबंधन की राजनीति में अक्सर पार्टियां शुरुआती दौर में अधिक सीटों की मांग रखती हैं, ताकि मोलभाव के बाद एक सम्मानजनक आंकड़े तक पहुंचा जा सके। इसलिए, अंतिम समझौते की घोषणा होने में अभी कुछ हफ्तों से लेकर महीनों तक का समय लग सकता है, क्योंकि दोनों दल अपने-अपने कैडर और स्थानीय नेताओं को संतुष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं।

सवाल यह भी है कि दोनों के बीच समझौता टूटने की संभावना भी है या नहीं और सीटों का गणित क्या कहता है, यह जान लेना भी जरूरी है। इस बात पर राजनीतिक हलकों में अलग-अलग राय है कि क्या कांग्रेस को झुकना पड़ेगा या गठबंधन टूट भी सकता है। कई राजनीतिक जानकारों के विश्लेषणों के अनुसार, दोनों ही पार्टियां इस बात से वाकिफ हैं कि विपक्ष के वोटों का बंटवारा होने से उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए, शुरुआती मतभेदों के बावजूद दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व की ओर से गठबंधन बनाए रखने के संकेत दिए गए हैं। हालांकि, सीटों की संख्या को लेकर दोनों पक्षों के अपने-अपने तर्क हैं। समाजवादी पार्टी का पक्ष यह है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को केवल 2 सीटों पर जीत मिली थी, जबकि सपा राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी है और उसका संगठनात्मक ढांचा काफी मजबूत है। इस आधार पर सपा 403 में से 320 से अधिक सीटों पर खुद चुनाव लड़ना चाहती है और कांग्रेस को 60 से 80 सीटों के दायरे में सीमित रखना चाहती है। इसके विपरीत,



> **राजनीतिक इतिहास बताता है कि जब विपक्ष एकजुट होकर सीधा मुकाबला करता है, तो सत्ताधारी दल के खिलाफ माहौल बनने पर सीटों के समीकरण तेजी से बदल सकते हैं। हालांकि, भाजपा के पास भी मजबूत संगठनात्मक नेटवर्क और कल्याणकारी योजनाओं का आधार है, जिससे यह मुकाबला बेहद दिलचस्प रहने की उम्मीद है।**

कांग्रेस का मानना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उसके प्रदर्शन में सुधार हुआ है, जहां उसने राज्य की 6 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस आंतरिक रूप से कम से कम 100 से 125 सीटों की उम्मीद कर रही है। ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि दोनों दल किस बीच के रास्ते पर सहमत होते हैं, बजाय इसके कि किसी एक पक्ष के पूरी तरह झुकने की भविष्यवाणी की जाए।

फिर भी, अलग-अलग चुनाव लड़ने पर उत्तर प्रदेश की राजनीति पर क्या असर पड़ेगा, यह भी महत्वपूर्ण है। यदि किसी कारणवश समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे पर सहमति नहीं बन पाती है और दोनों दल अलग-अलग चुनाव लड़ते हैं, तो इसका सीधा असर राज्य के चुनावी समीकरणों पर पड़ेगा। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, दोनों दलों के अलग लड़ने से सत्ता विरोधी वोट और अल्पसंख्यक तथा पिछड़े वर्ग के वोटों में बिखराव हो सकता है। इससे कई ऐसी सीटों पर त्रिकोणीय या चतुष्कोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है, जहां सीधे मुकाबले की उम्मीद थी। यदि दोनों के बीच समझौता नहीं होता है, तो इससे गठबंधन की विश्वसनीयता पर सवाल उठेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर बने इंडिया गठबंधन की एकजुटता पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसका असर केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि उत्तराखंड जैसे पड़ोसी राज्यों के चुनावों पर भी देखने को मिल सकता है। इस पर कुछ स्थानीय नेताओं का मानना है कि अधिक सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने से पार्टी को उन क्षेत्रों में भी अपना संगठन फिर से खड़ा करने का मौका मिलेगा, जहां वह लंबे समय से चुनाव नहीं लड़ पाई है। वहीं, समाजवादी पार्टी को सभी 403 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की छूट मिल जाएगी।

दूसरी ओर, यदि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस एक ठोस और व्यावहारिक फॉर्मूले के तहत साथ मिलकर चुनाव मैदान में उतरते हैं, तो वे भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन के लिए एक बड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं। राजनीतिक पर्यवेक्षकों के अनुसार, इसके पीछे कई ठोस कारण हैं। 2024 के आम चुनावों में सपा और कांग्रेस के साथ आने से उत्तर प्रदेश में इस गठबंधन को बड़ी सफलता मिली थी, जिसमें सपा ने 37 और कांग्रेस ने 6 सीटें जीती थीं। यदि यही वोट ट्रांसफर विधानसभा चुनावों में भी बरकरार रहता है, तो कई विधानसभा क्षेत्रों में मुकाबला बेहद कड़ा हो सकता है। समाजवादी पार्टी का पारंपरिक आधार और पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की रणनीति के साथ जब कांग्रेस का पारंपरिक वोट बैंक और राष्ट्रीय मुद्दे जुड़ते हैं, तो यह एक मजबूत सामाजिक गठबंधन तैयार करता है। इससे भाजपा के लिए अपने कोर वोट को बचाए रखना मुश्किल हो सकता है। दोनों दलों के एक साथ आने से अधिकांश सीटों पर सीधा द्विध्रुवीय मुकाबला होने की संभावना बढ़ जाएगी। राजनीतिक इतिहास बताता है कि जब विपक्ष एकजुट होकर सीधा मुकाबला करता है, तो सत्ताधारी दल के खिलाफ माहौल बनने पर सीटों के समीकरण तेजी से बदल सकते हैं। हालांकि, भाजपा के पास भी मजबूत संगठनात्मक नेटवर्क और कल्याणकारी योजनाओं का आधार है, जिससे यह मुकाबला बेहद दिलचस्प रहने की उम्मीद है। वैसे, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के लिए कांग्रेस तो चिंता का विषय बनी हुई है, इसके साथ-साथ ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद रावण के बीच हुआ समझौता भी मुसीबत का कारण नजर आ रहा है।

मैकमिलन की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिजनौर के प्रबीर ने लहराया परचम

बिजनौर (चिंगारी)। दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बिजनौर के कक्षा 6 के छात्र चौधरी प्रबीर आतल्व ने मैकमिलन की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता Macmillan Budding Traveller में द्वितीय स्थान प्राप्त कर बिजनौर का नाम रोशन किया है।

प्रतियोगिता में देशभर से प्राप्त हजारों वीडियो का मूल्यांकन किया गया, जिसमें प्रबीर की वीडियो को उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर शीर्ष 25 प्रतिभागियों में स्थान मिला। इसके बाद दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के अंतिम चरण में उनकी वीडियो प्रदर्शित की गई, जहां प्रबीर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे भारत में दूसरा स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर उन्हें ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रबीर ने अपनी वीडियो में उत्तराखंड के नैनीताल जनपद के भीमताल एवं सातताल क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ वहां की पारंपरिक संस्कृति, खान-पान, पहनावे, स्थानीय हस्तशिल्प, बाजारों और लोगों की



जीवनशैली को बेहद रोचक एवं रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।

उनकी वीडियो की विशेषता यह रही कि उन्होंने केवल पर्यटन स्थलों की सुंदरता ही नहीं दिखाई, बल्कि पहाड़ी क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय परंपराओं और जनजीवन को समझने का प्रयास भी किया। उन्होंने अपने वीडियो के माध्यम से यह संदेश दिया कि किसी भी स्थान की असली पहचान केवल उसकी प्राकृतिक सुंदरता में नहीं, बल्कि वहां के लोगों, उनकी संस्कृति, खान-पान और रहन-सहन में भी बसती है।

हजारों वीडियो में से टॉप-25 में चयनित होकर पूरे भारत में हासिल किया द्वितीय स्थान, ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण-पत्र से सम्मानित

मैकमिलन की इस प्रतियोगिता में हजारों प्रतिभागियों के बीच शीर्ष 25 में चयनित होना और फिर राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करना प्रबीर की रचनात्मक सोच, मेहनत और विषय के प्रति गहरी रुचि को दर्शाता है।



परिवार में खुशी का माहौल

प्रबीर के पिता श्री उमंग कुमार तथा माता डॉ. अदिति चौधरी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे बेटे की मेहनत, जिज्ञासा और सीखने की लगन का परिणाम बताया। प्रबीर की इस सफलता से परिवार, विद्यालय के शिक्षकों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के लोगों ने भी उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्रबीर की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार और विद्यालय, बल्कि पूरे बिजनौर जनपद के लिए गर्व का विषय है। चिंगारी प्रबीर के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

कार्यभार ग्रहण करते ही एक्शन में आये डीएम उमेश मिश्रा





जौनपुर (चिंगारी)। नवागत जिलाधिकारी श्री उमेश मिश्रा ने जनपद जौनपुर पहुंचकर कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत जिलाधिकारी ने प्रसिद्ध मां शीतला चौकिया धाम पहुंचकर मां शीतला के दर्शन-पूजन किए तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जनपद की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में श्रद्धापूर्वक दर्शन कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। नवागत जिलाधिकारी के जनपद आगमन एवं कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही प्रशासनिक कार्यों को गति देने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकासपरक कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने की दिशा में कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

दिव्यांग बालक को ट्राईसाइकिल प्रदान की

किरतपुर (चिंगारी)। ब्लॉक संसाधन केंद्र किरतपुर में आज विकास क्षेत्र के पीएम श्री विद्यालय चांडक तुर्क में अध्यनरत सेरेब्रल पाल्सी ग्रस्त दिव्यांग बालक को शिक्षा की मुख्य धारा में समाहित होने के लिए एक ट्राई साइकिल प्रदान की गई। यह ट्राई साइकिल उत्तर प्रदेश शासन की समग्र शिक्षा परियोजना के अंतर्गत आर्टिफिशियल लिम्ब मैन्युफैक्चरिंग कंपनी कानपुर के सहयोग से दी गई यह परियोजना शासन के द्वारा प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत समस्त दिव्यांगजन को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रदान की जाती है। यह उपकरण ब्लॉक केंद्र पर समस्त स्टाफ की उपस्थिति में एवं खंड शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत गिरि के दिशा निर्देशन में बच्चों को उसके अभिभावक के साथ प्रदान की गई दिव्यांग बच्चों को उपकरण का सही प्रयोग करने एवं रखरखाव का तरीका फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. सैयद फरहत अली द्वारा बताया गया विशेष शिक्षक अयूब अली द्वारा दिव्यांगजन बच्चे के अभिभावाको की काउंसलिंग की गई।



4 दिन बंद रहेगा मेवानवादा रेलवे फाटक

सहसपुर (चिंगारी)। मेवानवादा रेलवे फाटक संख्या पर 18 नवंबर से 21 नवंबर तक मरम्मत कार्य के चलते रेलवे फाटक चार दिनों तक बंद रहेगा। रेलवे विभाग द्वारा इस संबंध में सूचना जारी की गई है। रेलवे फाटक बंद रहने के दौरान इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों एवं राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रेलवे ने यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया है। वैकल्पिक मार्ग फाटक संख्या 439/सी से गुज़रेगा यातायात। रेलवे विभाग ने लोगों से अपील की है कि निर्धारित अवधि के दौरान वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करें, ताकि आवागमन में अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके।

गैस एजेंसी रामसराय में सिलेंडर डिलीवरी में गड़बड़ी का आरोप

बिना डीएसी के दिखा दी डिलीवरी

सहसपुर (चिंगारी)। एक उपभोक्ता मनव्वर ने गैस एजेंसी द्वारा सिलेंडर डिलीवरी में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि एजेंसी द्वारा बिना डीएसी के किसी और को सिलेंडर डिलीवर कर दिया गया। सहसपुर निवासी गैस उपभोक्ता का कहना है कि उन्होंने 26 अक्टूबर को गैस सिलेंडर बुक किया था। उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (DAC) आया था, जिसे उन्होंने किसी को नहीं दिया था। पांच नवंबर को उनके मोबाइल पर सिलेंडर डिलीवर होने का संदेश आ गया, लेकिन सिलेंडर उनके घर नहीं पहुंचा। दीपावली के दौरान एजेंसी व डिलीवरी व्यवस्था में व्यस्तता के चलते उन्हें कोई जानकारी नहीं मिल सकी। दिवाली बीतने के बाद जब उन्होंने गैस एजेंसी पर संपर्क किया, तब उन्हें पूरी जानकारी दी गई कि रिकॉर्ड में सिलेंडर डिलीवर दिख रहा है।

सभी जनपदवासियों को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं



यातायात नियमों का पालन करें, थोड़ी की लापरवाही घातक हो सकती है: रश्मि रावल



आरएसएम महाविद्यालय में 'सड़क सुरक्षा पखवाड़ा' के अंतर्गत शपथ ग्रहण करते हुए विद्यार्थी।

आरएसएम में सड़क सुरक्षा जागरूकता समारोह आयोजित

धामपुर (चिंगारी)। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत आर.एस.एम. महाविद्यालय, में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर रश्मि शर्मा रावल ने की व संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हिमांशु त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सामूहिक रूप से सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

समारोह में अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्या प्रोफेसर रश्मि शर्मा रावल ने कहा कि वर्तमान समय में सड़क दुर्घटनाएं चिंता का एक बड़ा विषय हैं, जिनमें अधिकांश युवा वर्ग प्रभावित होता है। थोड़ी सी लापरवाही जीवन के लिए घातक सिद्ध हो सकती है। उन्होंने सभी से अपील की कि दोपहिया वाहन चलाते समय सदैव मानक हेलमेट पहनें, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का उपयोग करें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें और नशे की हालत में कभी भी वाहन न चलाएं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हिमांशु त्रिपाठी ने सड़क सुरक्षा पखवाड़े की रूपरेखा पर प्रकाश डाला और बताया कि आगामी दिनों में भी इस अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर प्रोफेसर एस.एल. पाल, प्रोफेसर अलका राय, प्रोफेसर रमाकांत, प्रोफेसर शोराज सिंह, डॉ. जितेंद्र चौधरी, चीफ प्रॉक्टर डॉ. मनोज कुमार, डॉ. रवि, डॉ. भारती चौहान, डॉ. देवेश पाठक, डॉ. कौशिक प्रसाद, डॉ. आकाश एवं डॉ. विनय दुआ उपस्थित रहे।

भारत स्वरूप एकेडमी में स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



धामपुर (चिंगारी)। भारत स्वरूप एकेडमी में कक्षा 2 से 9 तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स (इंडिया) के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विभिन्न ज्ञानवर्धक एवं कौशल विकास से जुड़ी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती उपासना यादव ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मनिर्भरता, सेवा भावना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। द्वितीय दिवस पवन कुमार एवं सुश्री निष्ठा ने विद्यार्थियों को स्काउट एवं गाइड से संबंधित अनेक व्यावहारिक कौशलों का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान विद्यार्थियों की टोली प्रमुख में कांची शर्मा, भव्य, प्रीत, नभ, पियूष, मकुल, देवांशी, हंसराज, आराध्या, वर्णित, यश, कुश, गौरव आदि को विभिन्न प्रकार की रस्सी के द्वारा गांठें बांधना सिखाया गया, जिनमें रीफ नॉट, क्लोव हिच, बो लाइन तथा फिशरमैन नॉट प्रमुख रहीं। विद्यार्थियों ने इन गांठों को स्वयं बांधने का अभ्यास किया तथा उनके उपयोग और महत्व को समझा। प्रशिक्षण के अंतर्गत विद्यार्थियों को खोज के विभिन्न संकेतों एवं चिह्नों की जानकारी दी गई। इसमें सड़क, पत्थर, घास एवं पेड़ों के माध्यम से बनाए जाने वाले संकेतों को पहचानना और उनका अर्थ समझना सिखाया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की मीनारों का निर्माण करना सीखा, जिससे उनमें सहयोग, संतुलन, सामूहिक प्रयास और नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ। कार्यक्रम के संचालन में स्वाति शर्मा, गोल्डी, पल्लवी सिंह, सलोनी सिंह, मेघा वशिष्ठ, अर्पित चौधरी, ज्योति राजपूत का सहयोग रहा।

नशा मुक्ति अभियान के अन्तर्गत मॉडर्न एरा में हुआ कार्यक्रम

बिजनौर (चिंगारी)। इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन सूर्या फाउंडेशन सहायक आयुष मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल बिजनौर में श्री अनिल कुमार चौधरी मैनेजर, श्रीमती सीमा विश्वास प्रधानाचार्या, योगी अनंत योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष योगेश कुमार, सचिव अनंत कुमार के द्वारा नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम में डॉ. नरेंद्र सिंह ने सभी अध्यापकों एवं सभी बच्चों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई तथा नशे से होने वाले आंतरिक अंगों को नुकसान के बारे में विस्तार से अवगत कराया। डॉक्टर नरेंद्र सिंह ने नेचुरल आहार पर वापस आने पर बल दिया और कहा कि योग और प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से हम अपने शरीर को ही नहीं संपूर्ण परिवार और संपूर्ण राष्ट्र को स्वस्थ कर सकते हैं। प्रधानाचार्या डॉ. सीमा विश्वास ने डॉ. नरेंद्र सिंह एवं सेवा निवृत दयानंद पुलिस निरीक्षक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



डॉ. नरेन्द्र सिंह का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्या डॉ. सीमा विश्वास।

हैनरीता के कार्यकाल में कांग्रेस संगठन का होगा विस्तार : कासिम

धामपुर (चिंगारी)। मोहल्ला अफगानान निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मोहम्मद कासिम ने कहा कि 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में कांग्रेस गठबंधन वाली पीडीए की सरकार बनेगी। प्रेस को जारी एक विज्ञप्ति में उन्होंने हैनरीता राजीव सिंह को पुन: कांग्रेस का जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर राहुल गांधी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हैनरीता राजीव सिंह के कार्यकाल में जनपद बिजनौर में कांग्रेस संगठन का विस्तार होगा और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस जनपद की पांच विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की जनता सपा कांग्रेस गठबंधन की ओर आशाभरी निगाहों से देख रही है क्योंकि वह योगी सरकार से बुरी तरह त्रस्त है। उन्होंने कहा की सपा और कांग्रेस ही उत्तर प्रदेश से सांप्रदायिक शक्तियों को परास्त कर सकती है।

एसबीडी कॉलेज में हुआ सड़क सुरक्षा जागरूकता पखवाड़े का शुभारंभ

धामपुर (चिंगारी)। सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता पखवाड़े का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सेफ्टी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सेफ्टी क्लब की नोडल अधिकारी एवं असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री रितु डी. तथा एनएसएस अधिकारी एवं असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती मीनू शर्मा द्वारा किया गया।

वाहन चलाते समय इन नियमों का करें पालन

इस अवसर पर छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों के अन्तर्गत दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन न चलाने, गलत दिशा में वाहन न चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही छात्राओं को नशे की अवस्था में वाहन न चलाने तथा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता करने के लिए सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया गया।

पं. रुद्रदत्त शर्मा के जीवन से प्रेरणा लें युवा पत्रकार

धामपुर (चिंगारी)। धामपुर में जन्मे मूर्धन्य पत्रकार एवं संपादक पंडित रूद्रदत शर्मा की पुण्यतिथि शिवाजी पार्क स्थित संपादकाचार्य पंडित रूद्रदत शर्मा पुस्तकालय परिसर में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन, हरिकांत शर्मा, पत्रकार मनोज कात्यायन, अभिषेक गुप्ता, सचिन अग्रवाल, रोमियो मयूर आदि ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किये। कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन ने कहा कि संपादकाचार्य पंडित रूद्रदत शर्मा पुस्तकालय धामपुर की धरोहर है। यहां आने वाले पाठकों को समाचार पत्र और पाठ्य पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में पाठकों के लिए सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। पत्रकार मनोज कात्यायन ने बताया कि संपादकाचार्य पंडित रूद्रदत शर्मा का जन्म धामपुर के मोहल्ला कहारान में पंडित काशीनाथ जी के घर हुआ था, उन्होंने विभिन्न समाचार पत्रों का संपादन किया इसलिए गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय ने उनको संपादकाचार्य की उपाधि से विभूषित किया था। उन्होंने बताया कि आज के युवा पत्रकारों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर पत्रकार और पत्रकारिता के मापदंड का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के समाचारों को विश्वनियंता की कसौटी पर परखा जा रहा है, इसलिए पत्रकार को अपनी विश्वसनीय बनाए रखनी आवश्यक है।



प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए पत्रकार बंधु।

विकास और क़ानून व्यवस्था रहेगी प्राथमिकता

नवागत जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने प्रेस वार्ता में बताई कार्ययोजना, लिंक एक्सप्रेस-वे को गति देने पर रहेगा विशेष जोर

बिजनौर (चिंगारी)। नवागत जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता कर अपनी प्राथमिकताओं और भावी कार्ययोजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनपद में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक निष्पक्षता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पहुंचाना तथा कानून व्यवस्था मजबूत बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है।

जिलाधिकारी ने कहा कि विकास एवं निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा कर उन्हें निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराया जाएगा। अवस्थापना सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं के साथ विशेष रूप से लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य को गति देने पर जोर रहेगा।

उन्होंने अपने परिचय में बताया कि वह वर्ष 2015 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और मूल रूप से मथुरा के निवासी हैं। इससे पहले वह मुख्य विकास अधिकारी कानपुर देहात, उपाध्यक्ष बरेली विकास प्राधिकरण और रीजनल फूड कंट्रोलर बरेली सहित विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं।



प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व देवेंद्रपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी और जनपद के मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे।

डीएम ने बताया कि मंगलवार को विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन कर दिया गया है। 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक मतदाता सूची से संबंधित दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इस दौरान मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान दिवस भी आयोजित होंगे। उन्होंने युवाओं से अपील की कि जो एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराएं। कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित नहीं रहना चाहिए। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा।

30 नवंबर तक कर सकेंगे स्व-गणना

जनगणना 2027 के संबंध में जिलाधिकारी ने बताया कि स्व-गणना अभियान 30 नवंबर 2026 तक चलेगा। इसके लिए परिवार निर्धारित पोर्टल se.census.gov.in पर जाकर ऑनलाइन जानकारी दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना में निर्धारित 40 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। उन्होंने बताया कि एक दिन के नवजात शिशु से लेकर परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी दर्ज करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि स्व-गणना पूरी होने के बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना करेंगे। उन्होंने जनपदवासियों से सही और पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर इस राष्ट्रीय कार्य में सहयोग करने की अपील की।

बिजनौर में 46,204 परिवारों को मिला प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ

बिजनौर विधानसभा क्षेत्र लाभार्थियों के मामले में सबसे आगे

बिजनौर (चिंगारी)। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी एवं ग्रामीण) के तहत अप्रैल 2017 से अगस्त 2026 तक जनपद की सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में 46,204 लाभार्थियों को आवास का लाभ दिया गया है। दोनों योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को कुल 774.11 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई गई।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 22,650 लाभार्थियों को 550.74 करोड़ रुपये तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 23,554 लाभार्थियों को 223.37 करोड़ रुपये की धनराशि से लाभान्वित किया गया।

विधानसभा क्षेत्रवार आंकड़ों के अनुसार, बिजनौर में सर्वाधिक 8,521 लाभार्थियों को 171.90 करोड़ रुपये, नगीना में 6,309 लाभार्थियों को 106.90 करोड़ रुपये, नजीबाबाद में 5,891 लाभार्थियों को 88.18 करोड़ रुपये तथा चांदपुर में 5,737 लाभार्थियों को 97.83 करोड़ रुपये की धनराशि दी गई।

इसी प्रकार बढ़ापुर में 5,210 लाभार्थियों को 72.18 करोड़ रुपये, धामपुर में 5,085 लाभार्थियों को 87.40 करोड़ रुपये, नूरपुर में 4,807 लाभार्थियों को 73.98 करोड़ रुपये तथा नहटौर में 4,644 लाभार्थियों को 75.71 करोड़ रुपये की धनराशि से लाभान्वित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना का मुख्य उद्देश्य पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना तथा सुरक्षित और सम्मानजनक आवासीय सुविधा प्रदान करना है।



गंगा स्नान मेलों को लेकर पुलिस ने जारी किया रूट डायवर्जन प्लान

बिजनौर (चिंगारी)। कार्तिक गंगा स्नान पर्व पर दारानगर गंज में लगने वाले मेले और अमरोहा के तिगरी मेले को देखते हुए पुलिस ने भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है। रूट डायवर्जन व्यवस्था आज 18 नवंबर से 25 नवंबर तक मेला समाप्त होने तक लागू रहेगी। इस दौरान बिजनौर, चांदपुर और नूरपुर की ओर से आने-जाने वाले भारी वाहनों को निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से गुजारा जाएगा।



पुलिस के अनुसार, 24 नवंबर को कार्तिक गंगा स्नान पर्व के अवसर पर कोतवाली शहर क्षेत्र के ग्राम दारानगर गंज स्थित गंगा नदी के तट पर करीब एक सप्ताह तक मेले का आयोजन प्रस्तावित है। वहीं, अमरोहा जनपद के तिगरी में भी गंगा मेले के चलते श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। ऐसे में जाम से बचाव और यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

पुलिस ने वाहन चालकों और आम लोगों से निर्धारित मार्गों का पालन करने की अपील की है। साथ ही यातायात पुलिस और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के निर्देशों का पालन करने को कहा है, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी न हो और यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

इन मार्गों से गुजरेंगे भारी वाहन

बिजनौर शहर से दारानगर गंज होते हुए चांदपुर जाने वाले भारी वाहन कृष्णा कॉलेज तिराहे से अम्हेड़ा तिराहा होते हुए चांदपुर जाएंगे। वापसी भी इसी मार्ग से होगी। चांदपुर से इन स्थानों की ओर जाने वाले भारी वाहन चौधरी चरण सिंह चौक से अम्हेड़ा तिराहा होते हुए बिजनौर और फिर मेरठ की ओर जाएंगे। नूरपुर से वाया चांदपुर और नौगावां सादात होते हुए जाने वाले भारी वाहनों को शहीद तिराहे से बिजनौर होते हुए मेरठ की ओर भेजा जाएगा।

60 लोगों ने किया रक्तदान

चांदपुर (चिंगारी)। यहां नूरपुर रोड पर जीएसटी कार्यालय के निकट क्रीड़ा भारती के विभाग संयोजक एवं युवा समाजसेवी चंचल ढाका के आवास पर आयोजित रक्तदान शिविर में जीवन चैरिटेबल ब्लड बैंक की टीम ने 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर चंचल ढाका ने रक्तदान करने वाले लोगों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह, खिलेन्द्र भारद्वाज, सौरभ सिंह आदि मौजूद रहे।



AL-NAJIB MILLI MUTUAL BENEFITS NIDHI LIMITED
CIN: U65991UP1990PLC011827
Regd. office: Majeed Ganj, Najibabad,
Uttar Pradesh 246763, India
Ph.:01341-220206, 221049 Fax: 01341-221050
Email: alnbd@rediffmail.com

NOTICE FOR 36TH ANNUAL GENERAL MEETING

Notice is hereby given that the **36th Annual General Meeting** of **M/S AL-NAJIB MILLI MUTUAL BENEFITS NIDHI LTD** will be held at Najibabad Pvt. ITI, Vill. Harswara, Opposite Qasmia Inter College, Najibabad, Distt. Bijnor, U.P on Friday, the 11th December, 2026 at 11:00 A.M. to transact with or without modifications, as may be permissible, the following business.

ORDINARY BUSINESS:

1. To consider, approve and adopt the Audited Financial Statements (including Standalone and Consolidated Financial Statements) of the Company for the Financial Year ended March 31, 2026 and the Reports of the Board of Directors of the Company and the Statutory Auditors thereon, including Annexures thereto.

2. To appoint a director in place of **Ms. SAFIA PARVEEN (DIN- 10757188)**, as a Director, retires by rotation and being eligible, offers herself, for the re-appointment.

3. To appoint a director in place of **Ms. NAZYA HASAN (DIN-10755019)**, as a Director, retires by rotation and being eligible, offers herself, for the re-appointment.

4. To appoint M/s Saurabh Sakshi & Associates, Chartered Accountants, Delhi as Statutory Auditors of the Company in place of M/s H. S. Madan & Co., Chartered Accountants, who have retired voluntarily, being not eligible for re-election as per Notification No.202(E) dt.31/03/2006 issued by Government of India, Ministry of Company Affairs, as they have completed continuous tenure of five years as Statutory Auditors of the Company.

To consider and if thought fit, to pass with or without modification(s), the following resolution as an **Ordinary Resolution**: -

Sections 139 and other applicable provisions, if any, of the Companies Act, 2013 and Rules framed there under as amended from time to time and considering the recommendations made by the Audit Committee, Board be and here by appoint M/s Saurabh Sakshi & Associates, Chartered Accountants, H-6-B, Ground Floor, Shakarpur, Delhi-110092 as the Statutory Auditors of the Company, to hold office from the conclusion of this Annual General Meeting until the conclusion of 41st Annual General Meeting
to be held in the year 2031, at such remuneration as may be decided by the Board of Directors in consultation with the Statutory Auditors of the Company.

SPECIAL BUSINESS

5. Regularisation of Mr. GhayyorulHaq Bilal (DIN:06979117) as an Executive Director of the Company

To consider, and if thought fit, to pass with or without modification/(s), the following resolution as an Ordinary Resolution:

"RESOLVED THAT pursuant to the provisions of Section 152, 161 and other applicable provisions, if any, of the Companies Act, 2013, Mr. **GhayyorulHaq Bilal (DIN:06979117)**, who was appointed as an Additional Executive Director on **01st November, 2026** and who hold the office till the conclusion of ensuing Annual General Meeting be and is hereby appointed as an ExecutiveDirectorof the Company."

"RESOLVED FURTHER THAT, any director of the company be and is hereby authorised to make, sign and file all the required documents, forms etc. as may be required to be filed with the Registrar of Companies and to do all such acts, deeds and things as may be required and considered necessary and incidental thereto."

By order of the Board
For AL-NAJIB MILLI MUTUAL BENEFITS NIDHI LTD.

Sd/-

GUFRAN UL HAQ
(Managing Director)
DIN. **10280136**
Place: Najibabad

Date: 14st November, 2026

NOTES:

1. A Member entitled to attend and Vote at the AGM is entitled to appoint proxy to attend and vote, instead of him/her and the proxy need not be a member. The instrument of proxy, in order to be effective, must be duly filled, signed, stamped and should be submitted to the Registered Office of the Company, not later than 48 hours before the commencement of the meeting. Attendance Slip and Proxies forms are available at the branches of the Company.

2. The Register of Members shall remain closed from the 01nd December, 2026 to the 11th December, 2026. (Both days inclusive).

3. The unclaimed dividend for the financial year ended 31st March, 2019, which remained unpaid or unclaimed for seven consecutive years have been transferred to the Investor Education and Protection Fund (IEPF), pursuant to the provisions of Section 124 of the Companies Act, 2013, read with the Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016, on 14th October, 2026. The details of such dividend and corresponding shares transferred to the IEPF are available on the IEPF Portal of the Ministry of Corporate Affairs. The concerned shareholders may claim the dividend and shares from the IEPF Authority in accordance with the applicable provisions and prescribed procedure.

4. The relevant Explanatory Statement, if applicable, pursuant to Section 102 of Companies Act, 2013 in respect of the Special Business in the notice is annexed thereto.

5. Pursuant to Ministry of Corporate Affairs Notification No. G.S.R. 465(E) dated 5th June 2015 issued under Section 462 of the Companies Act, 2013, the Company is not required to individually dispatch physical or electronic copies of the Notice, Audited Financial Statements (including Balance Sheet, Profit & Loss Account, Cash Flow Statement), Directors' Report, Auditors' Report, and other enclosures to those members who hold shares of a face value of ₹1,000 or less, or 1% or less of the total paid-up share capital of the Company, whichever is less. In compliance with the statutory requirements, a public notice announcing the Date, Time, and Venue of this Annual General Meeting is being published in the local newspapers circulating in the district where the Registered Office of the Company is situated.

6. Audited Financial Statements, along with the Auditor's Report and Directors' Report, have been affixed on the Notice Board at each branch of the Company.

7. Route Map: Annexed

By order of the Board
For AL-NAJIB MILLI MUTUAL BENEFITS NIDHI LTD.

Sd/-

GUFRAN UL HAQ
(Managing Director)
DIN No. **10280136**
Place: Najibabad
Date: 14st November, 2026

EXPLANATORY STATEMENT
(Pursuant to Section 102 of Companies Act, 2013)

ITEM NO. 5

The Board of Directors of the Company ('the Board') at the meeting held on **01st November, 2026,** on the recommendation of the Nomination & Remuneration Committee, appointed of **Mr.GhayyorulHaq Bilal (DIN:06979117),**as an Executive Additional Director of the company and as set out in the Resolution, the Board is of the opinion that the appointment and presence of **Mr.GhayyorulHaq Bilal (DIN:06979117)** on the Board as the Director will be desirable, beneficial and in the best interest of the Company.

The Board is of the opinion that **Mr.GhayyorulHaq Bilal (DIN:06979117)** possess the identified core skills, expertise and competencies fundamental for effective functioning in his role as a Director of the Company and his association would be of immense benefit to the Company.

A brief profile, Terms and Conditions of appointment and other details of **Mr.GhayyorulHaq Bilal (DIN:06979117)** as per the Act and para 1.2.5 of the Secretarial Standard on

General Meetings (SS 2) is attached to this notice as Annexure A:


The Board recommends the resolution set out in Item no. 5 of the accompanying Notice for approval and adoption of the Members.

Mr. Gufran Ul Haq, Managing Director of the company, is his brother and thereby interested in this resolution, other than this, None of the Directors or Key Managerial Personnel of the Company or their respective relatives, except **Mr.GhayyorulHaq Bilal** and his relatives, are concerned or interested, financially or otherwise (if, any), in the resolution set out at Item No. 5 of the accompanying Notice.

By order of the Board
For AL-NAJIB MILLI MUTUAL BENEFITS NIDHI LTD.

Sd/-

GUFRAN UL HAQ
(Managing Director)
DIN No. **10280136**
Place: Najibabad
Date: 14 **th** November, 2026



Route Map for the Venue

विश्व सी-ओ-पीडी दिवस- 2026

याद रखें सवाल सांसों का है

नवम्बर माह में विश्व सी-ओ-पीडी दिवस आता है। सी-ओ-पीडी दिवस याद रखना जरूरी है, क्योंकि सवाल सांसों का है। न चाहते हुए भी दुनियाभर में करोड़ो लोग ऐसे हैं, जो अपने हिस्से की सांस भी पूरी तरह नहीं ले पाते हैं। धूम्रपान करना, स्वच्छ इंधन का प्रयोग न करना, धूल व प्रदूषण ऐसे कारण हैं, जो सी-ओ-पीडी के मरीजों की संख्या को बढ़ा रहे हैं। इसे कुछ सावधानियों के साथ रोका जा सकता है। जैसे- धूम्रपान न करना, स्वच्छ वातावरण में रहना, व्यायाम करना, धूल-धुआं प्रदूषण से बच्चों को बचाना, मास्क का इस्तेमाल करें, नियमित रूप से जांच करायें, आशांका होने पर सम्बन्धित चिकित्सक से मिलें, दवाईयों का नियमित इस्तेमाल करें। भारत में देखा जाये तो 17 से 20 करोड़ सी-ओ-पीडी के मरीज हैं विश्वभर में। सी-ओ-पीडी के कारण हर साल लगभग 3 करोड़ मौत हो जाती हैं। सी-ओ-पीडी के मरीजों को ठन्ड के मौसम में अतिरिक्त सुरक्षा की आवश्यकता होती है। वातावरण में मौजूद वायरस एवं हवा से फैलने वाले इनफैक्शन सी-ओ-पीडी के मरीजों को प्रभावित करते हैं।



अलग-अलग लोगों में सांस के दौरों के कारण भिन्न-भिन्न हो सकते हैं, इसलिए आवश्यक बात यही है कि आप अपनी स्थिति को समझें, अपना इलाज सही रूप से करें, वरना यह सी-ओ-पीडी में बदल जाता है।

अपनी वाणी को विराम देते हुए आखिरी में यही कहूंगी-

'सांस लेने में तकलीफ, सोचें COPD'



Dr. Tazeem Ariff
M.B.B.S., M.D. (Chest), FAPSR
Physician, Pulmonologist & Bronchoscopist
Ex. Resident, J.N.M.C. Aligarh
Valis Hospital Bairaj Road Bijnor
Mobile:- 9927248561
Email- tazeen.aashi@gmail.com

सीओपीडी दिवस क्या है?

'बेहतर जीवन के लिए शीघ्र निदान और प्रबन्धन'

फेफड़ों की बीमारी जो सांस लेने में कठिनाई पैदा करती है। फेफड़ें सांस तंत्र के महत्वपूर्ण अंग हैं, जो शरीर में ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड के आदान-प्रदान के लिए जिम्मेदार होते हैं। सीओपीडी दिवस हर साल नवम्बर के तीसरे बुधवार को मानाया जाता है।

सीओपीडी के चेतवानी संकेत क्या हैं?

1- नियमित गतिविधियों के दौरान लगातार सांस फूलना 2- पुरानी खांसी, जिसमें अक्सर बलगम निकलता है। 3- सांस लेते समय घरघराहट या सीटी जैसी अवाज आना। 4- बार-बार श्वसन संक्रमण या सर्दी और फ्लू से धीमी गति से ठीक होना।

सीओपीडी के जोखिम कारक कौन से हैं?

1- धूम्रपान
2- वायु प्रदुषण
3- अनुवांशिक कारक
4- धूल और धुआं

सीओपीडी के लिये क्या निवारक उपाय हैं-

1- धूम्रपान छोड़ें
2- प्रदूषकों से बचें
3- नियमित व्यायाम करें।
4- टीकाकरण, स्वस्थ आहार लें।



-डॉ. अभिषेक चौधरी
टीवी एवं छाती रोग विभाग
महात्मा विदुर मेडिकल कॉलेज,
बिजनौर

गरिमामय वातावरण में हुआ खेल महोत्सव का शुभारंभ

चांदपुर (चिंगारी)। द हेज़लमून स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव 'आरोहण स्पोर्ट्स मीट 2026' का शुभारंभ अत्यंत भव्यता, उत्साह और गरिमामय वातावरण में हुआ। ध्वजारोहण, विद्यालय गान तथा मशाल प्रज्वलन की गरिमामयी रस्म संपन्न हुई। खेल भावना, साहस और एकता के प्रतीक मशाल प्रज्वलन किया गया। कक्षा नौवीं से बारहवीं तक की छात्राओं ने 'शिव-शक्ति तांडव नृत्य' की शानदार प्रस्तुति द्वारा प्रेम की भावना पर आधारित मनमोहक शिव-शक्ति तांडव नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस नृत्य के माध्यम से भगवान शिव और माता पार्वती के अटूट प्रेम, विश्वास, समर्पण और एक-दूसरे के प्रति सम्मान को भावपूर्ण ढंग से दर्शाया गया। इसके पश्चात विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल ने आरोहण स्पोर्ट्स मीट 2026 के शुभारंभ की औपचारिक घोषणा की। विद्यालय के स्पोर्ट्स कैप्टन नवेद आलम ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को खेल भावना, अनुशासन, ईमानदारी और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की शपथ दिलाई। खेल महोत्सव का एक प्रमुख आकर्षण चारों सदनों- सफायर, एमरल्ड, सिट्रिन एवं कार्नेलियन के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत शानदार मार्च पास्ट रहा। मार्च पास्ट की सलामी विद्यालय के निर्देशिका श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह को दी गई। अनुशासित कदमताल, आकर्षक वेशभूषा और एकजुटता के साथ विद्यार्थियों ने अपनी टीम भावना एवं अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अनिल कुमार गुप्ता, अरविन्द कुमार पप्पू चेयरमैन, श्रीमती नीरू गुप्ता, अनमोल मित्तल, अंबर मित्तल, श्रीमती श्रुति मित्तल आदि मौजूद रहे।



युवा राष्ट्रीय लोकदल की जिला कार्यकारिणी की घोषणा एवं स्वागत समारोह का आयोजन



बिजनौर (चिंगारी)। रालोद के जिला कार्यालय पर युवा राष्ट्रीय लोकदल की जिला कार्यकारिणी की घोषणा एवं स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष श्री ओमपाल कश्यप ने की तथा संचालन महफूज उर्फ गुड्डू भाई ने किया। कार्यक्रम में युवा जिलाध्यक्ष अनुराग मलिक सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद सांसद मुंशी रामपाल, पूर्व विधायक सुखवीर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजवीर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष अली अदनान, सरदार बलबीर सिंह, क्षेत्रीय महासचिव सुरेश कश्यप एवं राष्ट्रीय लोकदल के विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष चौधरी अलबेल सिंह, सुरेंद्र अध्यक्ष, युवा राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष हनी तोमर, एससी एसटी प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष सरदार बुध सिंह, जिला प्रवक्ता संजीव चौधरी, जिला महासचिव ज्ञानेंद्र चिकारा, जिला महासचिव कुलदीप चिकारा, विनय कुमार, प्रीतम सिंह, राकेश सिंह, ओमवीर, सुरेंद्र चेयरमैन साहब, सभासद चंद्रपाल वाल्मीकि, विपिन तोमर, श्री शीशपाल राठी, योगेंद्र प्रधान आदि सभी पदाधिकारी, युवा साथी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष चर्चा की गई एवं युवा जिला अध्यक्ष अनुराग मलिक द्वारा जनपद के 8 विधानसभाओं के अध्यक्ष, साथ ही साथ जिले के सभी पदाधिकारी की घोषणा की गई।

विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी- जिलाधिकारी



बिजनौर (चिंगारी)। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त करने के साथ शासन की प्राथमिकताओं, जनकल्याणकारी योजनाओं और जनपद में संचालित विकास कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को विकास कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुनें और निर्धारित समयसीमा में उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जनपद के विकास को गति दें तथा शासन की प्राथमिकताओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारें। बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

'अपनी बहन से शादी करा दे, वर्ना अश्लील फोटो-वीडियो वायरल कर दूंगा'

महिला के मौसेरे भाई पर लगाया आरोप

बिजनौर (चिंगारी)। बहन से निकाह नहीं कराने पर अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शहर कोतवाली के एक गांव निवासी एक महिला ने अपने रिश्तेदार पर ब्लैकमेल करने, फोन पर अश्लील बातें करने और परिवार को धमकाने का आरोप लगाया है।

महिला का कहना है कि उसकी शादी करीब छह साल पहले हुई थी। उसका एक बेटा भी है। महिला का आरोप है कि शादी से पहले उसकी मौसी के दो बेटों ने उसे बहला-फुसलाकर उसके कुछ अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए थे। शादी के बाद मामला शांत हो गया था। आरोप है कि वर्ष 2021 में एक भाई ने भी उसे फोटो-वीडियो के नाम पर ब्लैकमेल करने की धमकी दी थी। उस समय दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। महिला ने आरोप लगाया कि अब दूसरा भाई उसे फोन कर धमका रहा है। आरोपी उससे कह रहा है कि वह अपनी छोटी बहन का निकाह उससे कराए, अन्यथा उसके पुराने अश्लील फोटो और वीडियो वायरल कर दिए जाएंगे। महिला का आरोप है कि आरोपी फोन पर अश्लील बातें भी करता है और समाज में बदनाम करने की धमकी दे रहा है। महिला ने शहर कोतवाली पुलिस से आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने तथा परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

गोपाष्टमी पर किया हवन

चांदपुर (चिंगारी)। नगर के मुहल्ला गोकुलनगर स्थित श्री कृष्ण गौशाला में गोपाष्टमी पर हवन एव भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया तथा गौमाता की सेवा की। सर्वप्रथम हवन हुआ जिसके मुख्य यजमान प्रमोद शर्मा व श्रीमती शोभा शर्मा रहे। हवन में उमेशचन्द्र गोयल, प्रेम भाटिया, आशू गोयल, सुबोध गुप्ता, मुनेश कुमार फौजी, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, संदीप जिंदल, अश्वनी जिंदल, तुषार अग्रवाल, मोनू, विपिन बंसल, विमल अग्रवाल, सुशील गुप्ता, विशाल कर्णवाल आदि का विशेष सहयोग रहा।



जिला सहकारी बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता कैम्प का आयोजन



बिजनौर (चिंगारी)। जनसमुदाय को बैंकिंग सुविधाओं एवं वित्तीय साक्षरता सम्बन्धी जानकारी देने के लिये उलेढा में एक वित्तीय साक्षरता कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का मुख्य उद्देश्य आमजन को वित्तीय सेवाओं, बैंकिंग सुविधाओं एवं सरकारी वित्तीय योजनाओं के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा।

कार्यक्रम के दौरान जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनेन्द्र तोमर के द्वारा सुरक्षित बैंकिंग, बचत की आदत विकसित करने, डिजिटल बैंकिंग, यूपीआई के सुरक्षित उपयोग, साइबर धोखाधड़ी, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। कैम्प में सामाजिक सुरक्षा योजना यथा- प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, ई-केसीसी, किसान क्रेडिट कार्ड, बैंक की विविधीकरण योजनाओं के लाभ एवं पात्रता की जानकारी दी गयी। साथ ही प्रतिभागियों को ऑनलाइन वित्तीय लेन-देन करते समय सतर्कता बरतने तथा किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी / एटीएम / पिन एवं बैंक सम्बन्धी गोपनीय जानकारी साझा न करने के लिये जागरूक किया गया। वित्तीय साक्षरता कैम्प का विषय उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक वित्तीय जानकारी पहुंचाना, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना तथा आम जनमानस को सुरक्षित एवं जागरूक वित्तीय व्यवहार के लिये प्रोत्साहित करना रहा।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

नेशनल तीरंदाजी चैम्पियनशिप में जीते दो रजत पदक

कोतवाली देहात (चिंगारी)। ग्राम शादीपुर निवासी तीरंदाज खिलाड़ी निष्ठा गुप्ता ने मेघालय की राजधानी शिलांग में आयोजित 22वीं एनटीपीसी सीनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप में दो रजत पदक जीतकर प्रदेश और जनपद का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

11 से 18 नवंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में निष्ठा गुप्ता ने मिश्रित टीम और महिला कंपाउंड टीम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किए। मिश्रित टीम वर्ग में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी अनिल कुमार के साथ जोड़ी बनाकर खेलते हुए निष्ठा ने टीम को फाइनल तक पहुंचाया। हालांकि फाइनल मुकाबले में दिल्ली की टीम से उत्तर प्रदेश को हार का सामना करना पड़ा और रजत पदक से संतोष करना पड़ा।



वहीं महिला कंपाउंड टीम वर्ग में भी उत्तर प्रदेश की टीम ने फाइनल में जगह बनाई। निष्ठा गुप्ता, संध्या और साक्षी चौधरी ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन खिताबी मुकाबले में पंजाब की टीम से महज एक अंक से हार का सामना करना पड़ा। इस तरह उत्तर प्रदेश की महिला टीम को भी रजत पदक मिला।

सीनियर वर्ग में निष्ठा ने व्यक्तिगत प्रदर्शन में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। रैंकिंग राउंड में उन्होंने 699 अंक हासिल किए। वह एशियाई खेलों की विजेता टीम की सदस्य खिलाड़ी चिकिता के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। शूटआउट के बाद उन्हें चौथा स्थान मिला। व्यक्तिगत स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं निष्ठा को यहां हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उन्होंने पांचवां स्थान हासिल किया। दो रजत पदक जीतने वाली निष्ठा गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच योगेंद्र सिंह राणा को दिया है।

कार पर फ़ायरिंग, बाल-बाल बचा सेना का जवान

कार का पिछला शीशा तोड़कर अंदर घुसी गोली

बिजनौर (चिंगारी)। सेना में कार्यरत एक जवान की कार पर फायरिंग का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक युवक ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से गोली चलाई। गोली कार का पिछला शीशा तोड़कर अंदर जा घुसी। गनीमत रही कि जवान बाल-बाल बच गया।

ग्राम जलालपुर छोइया उर्फ इस्लामपुर नीमदास निवासी प्रिंस कुमार पुत्र भूपेंद्र सिंह भारतीय सेना में है। उन्होंने पुलिस को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि 16 नवंबर को वह अपनी कार से खेत से घर लौट रहे थे। बिजनौर-नूरपुर रोड स्थित यूनिवर्सल एकेडमी स्कूल के पास सामने से आई एक स्कॉर्पियो ने उनकी कार को रोक लिया। आरोप है कि स्कॉर्पियो चालक ईशु डोंडियाल निवासी सड़ियापुर ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। गोली कार के पिछले शीशे पर लगी और उसे तोड़ते हुए अंदर जा घुसी। आरोपी काले रंग की स्कॉर्पियो में सवार था, जिसका अंतिम नंबर 5115 है। प्रिंस कुमार ने थाना इंचार्ज को प्रार्थना-पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

बेटे की तस्वीर सीने से लगाकर फांसी के फंदे पर झूल गया

बिजनौर (चिंगारी)। पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के बीच 26 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर पर परिजन मौजूद नहीं थे। युवक के सीने पर उसके डेढ़ साल के बेटे की तस्वीर लगी हुई थी। घटना की जानकारी मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। स्थानीय मोहल्ला जाटान निवासी विकास (26 वर्ष) पुत्र रामचंद्र शराब पीने का आदी है। उसके डेढ़ वर्ष का बेटा है। बताया जाता है कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। उसकी पत्नी शीतल पिछले कुछ समय से अपने मायके नगीना में रह रही थी। इसी को लेकर विकास परेशान था। मंगलवार को विकास ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। बाद में घर पर लौटे युवक को फंदे पर लटका देखकर परिजनों के होश उड़ गए। उसके सीने पर डेढ़ साल के बेटे की तस्वीर लगी हुई थी।

'खेत बचाओ अभियान' के तहत किसानों को किया जागरूक

परवल, खीरे, गेहूं और सरसों की वैज्ञानिक खेती के बताए तरीके, मृदा स्वास्थ्य व प्राकृतिक खेती पर दिया जोर

बिजनौर (चिंगारी)। कृषि भूमि संरक्षण और मृदा स्वास्थ्य सुधार के उद्देश्य से संचालित 'खेत बचाओ अभियान' के तहत 17 नवंबर को विकासखंड मौहम्मदपुर देवमल की ग्राम पंचायत खेड़की हेमराज, मुकीमपुर धारू, इस्लामपुर लालू और मिर्जापुर महेश में कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिक डॉ. पिंटू कुमार और डॉ. प्रतिमा गुप्ता ने किसानों को परवल व खीरे की उन्नत खेती, फसल विविधीकरण तथा गेहूं और सरसों की समयानुसार बुवाई व संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन की जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करने, जैविक एवं हरी खाद अपनाने और फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने की सलाह दी। साथ ही अनावश्यक रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से बचने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के आदित्य वीर और सन्नी मलिक (विषय वस्तु विशेषज्ञ), सुजीत कुमार (सहायक विकास अधिकारी कृषि), गजेन्द्र कुमार (सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा), क्षेत्रीय कृषि कार्मिक तथा बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



नवागत जिलाधिकारी से मिले एमआर पाशा

दिव्यांगों की समस्याओं से अवगत कराया

बिजनौर (चिंगारी)। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने अपनी पूरी टीम के साथ बुधवार को नवागत जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह को गुलदस्ता देकर बधाई दी। पाशा ने जिला अधिकारी को दिव्यांगों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जिले के सरकारी कार्यालयों व पुलिस थानों तथा सीओ कार्यालयों में रैंप नहीं है। दिव्यांगों की सुविधा के लिए रैम्प बनवाए जाएं। दिव्यांगों का सभी सरकारी कार्यालय व पुलिस थानों में उत्पीड़न बंद किया जाए। सभी विभागों के कार्यालय में सम्मान दिया जाए और उन्हें रोजगार से जोड़ा जाए। जिला अधिकारी ने पाशा को आश्वासन दिया कि जल्द ही आपकी सभी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में शाह आलम, इकराम ठेकेदार, सनावर अली, मास्टर शहजाद गोविंदपुर वाले, शमशेर अली बबली, समीर आदि रहे।

लवकुश बस्ती में मनाया गया गोपाष्टमी पर्व



बिजनौर (चिंगारी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर बिजनौर तत्वावधान में लवकुश बस्ती में गोपाष्टमी पर्व बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गौ माता की पूजा-अर्चना और गौ आरती से हुई। बस्ती के लोगों ने गौ माता को तिलक लगाकर, माला पहनाकर और गुड़-चारा खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया। नगर गौ सेवा गतिविधि प्रमुख संजय कुमार ने गौ आरती के बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में हिंदू संस्कृति में गौ माता के महत्व के विषय में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि गौ माता केवल एक पशु नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, हमारी आस्था और हमारी अर्थव्यवस्था का आधार हैं। प्राचीन काल से ही गौ माता को माता का दर्जा दिया गया है। गौ सेवा से ही मनुष्य को सुख, शांति और समृद्धि प्राप्त होती है। इस अवसर पर विकास लाटियान, उत्तम कुमार, विवेक कुमार, राजीव वर्मा, जयंत कुमार आदि स्वयंसेवक रहे।

पालिकाध्यक्ष की स्वगणना की

बिजनौर (चिंगारी)। कार्यालय प्रमुख जनगणना अधिकारी जनगणना अनुभाग बिजनौर के द्वारा स्वगणना करने के निर्देश दिए गए थे, जिसके अनुपालन में नगर पालिका द्वारा अध्यक्ष की स्वगणना की गई, जिसमें स्वयं अधिशासी अधिकारी, अवर अभियंता (जल), अवर अभियंता (सिविल) तथा तरूण लिपिक उपस्थित रहे तथा अध्यक्ष महोदय व अधिशासी अधिकारी द्वारा सभी जनगणना कार्मिकों को निर्देश दिए गए कि अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक स्वगणना करें तथा शहरवासियों व जनप्रतिनिधियों से भी अपील की है कि जब जनगणना कर्मी जनगणना करने आयें तो अपना सहयोग प्रदान करें, जिससे कार्य समयान्तर्गत पूर्ण किया जा सके।



छात्र-छात्राओं ने ली सड़क सुरक्षा की शपथ



चांदपुर (चिंगारी)। गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चांदपुर में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत जागरूकता एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

समारोह के दौरान शारीरिक शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर सनी कुमार ने उपस्थित विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। शपथ के माध्यम से सभी ने दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा के भीतर वाहन चलाने तथा ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न करने की प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर मौ. सलीम ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए हर नागरिक का यातायात नियमों के प्रति जागरूक होना आवश्यक है।

'एक शाम सुखन के नाम' महफ़िल का इनक़ाद

किरतपुर (चिंगारी)। आबशार-ए-सुख़न के ज़ेर-ए-एहतिमाम जामिआ शौक़तुल क़ुरआन लिलबनात, मुहल्ला कोटला, किरतपुर में 'एक शाम सुख़न के नाम' के उनवान से एक अज़ीम-उश-शान शेरी महफ़िल का इनक़ाद किया गया, जिसमें मुख़्तलिफ़ इलाक़ों से ताल्लुक़ रखने वाले मुमताज़ शुअरा, उदबा, इल्मी व समाजी शख़सियात और शाएक़ीन-ए-अदब ने शिरकत की। महफ़िल का आग़ाज़ तिलावत-ए-कलाम-ए-पाक से हुआ, जब कि अमन अंबर ने बारगाह-ए-रिसालत मआब में नात-ए-रसूल पेश की। इस मौक़े पर डॉक्टर आसिम पीरज़ादा और मास्टर मुहम्मद नौशाद ने शम्अ-ए-अदब रोशन करके महफ़िल का बाक़ाएदा इफ़्तताह किया। महफ़िल की निज़ामत मअरूफ़ शायर ताहिर सऊद ने अंजाम दी, जबकि सदारत डॉक्टर मुअज़्ज़ज़ यार ख़ान, मेंबर नगर पालिका परिषद, किरतपुर ने फ़रमाई। महफ़िल को हज़रत मौलाना इब्न-ए-सऊद साहब और दीगर मुअज़्ज़ज़ असातिज़ा-ए-किराम की सरपरस्ती हासिल रही। 'तक़रीब का एक अहम मरहला' डॉक्टर मुअज़्ज़ज़ यार ख़ान की समाजी ख़िदमात के एतिराफ़ में उनकी पज़ीराई का था। इस मौक़े पर आबशार-ए-सुख़न की जानिब से सद्र-ए-महफ़िल डॉक्टर मुअज़्ज़ज़ यार ख़ान को रिदा-ए-इज़्ज़त पेश की गई और यादगारी मोमेंटो से भी सरफ़राज़ किया गया। यह एज़ाज़ हज़रत मौलाना इब्न-ए-सऊद, क़ारी मुहम्मद अकरम, मौलाना मुहम्मद मुख़्तार क़ासमी, हज़रत मौलाना आफ़ताब क़ासमी, मौलाना अब्दुल क़ादिर रशीदी, मुफ़्ती हिफ़्ज़ान और मास्टर मुहम्मद नौशाद के दस्त-ए-मुबारक से पेश किया गया। महफ़िल के मेहमान-ए-ज़ी वक़ार मअरूफ़ माहिर-ए-अरूज़ और बुज़ुर्ग शायर फ़य्याज़ नदीम सहारनपुरी थे। शेरी नशिस्त में सुलैमान आदिल सहारनपुरी, इंजीनियर रेहान कातिब, असलम मोहसिन सहारनपुरी, ख़ुर्रम सुल्तान सहारनपुरी, अनवर हुसैन अनवर देवबंद, साजिद सागर बिजनौर, मुरसलीन हैदर सहारनपुर, मुरसलीन सालार, मुहम्मद अहमद और मेज़बान शायर वसीम मीर बिजनौरी समेत मुतअद्दिद शुअरा ने अपना कलाम पेश किया, जिसे सामिईन ने ख़ूब सराहा और शुअरा को भरपूर दाद-ओ-तहसीन से नवाज़ा। आख़िर में प्रोग्राम के कन्वीनर हाउस टैक्स इंस्पेक्टर नगर पालिका परिषद किरतपुर ज्ञानेश्वर आनंद ज्ञानेश ने तमाम मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।



कार्यक्रम में बोलते हुए वक्ता।



डा. मुअज़्ज़ज़ यार खान को मोमेंटो भेंट करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

सरभंग बाबा के आश्रम पर हुआ भंडारा

नांगल सोती (चिंगारी)। चिड़ियापुर में कोटावाली नदी के समीप स्थित सरभंग बाबा के आश्रम पर रजनीश पाल निवासी ग्राम गोपालपुर ने भंडारे का आयोजन कराया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में हेमेन्द्र पाल, वीरेन्द्र पाल, देवेन्द्र पाल, गजेन्द्र पाल, नकुल पाल, योगराज पाल, लक्ष्मीचंद पाल, यश कुमार, टीकम सिंह, देवांशु पाल, रक्षित पाल, भविष्य पाल, अवनी पाल, बोबी पाल, तेजपाल सिंह, नवदीप शर्मा, देवदीप शर्मा, कमलदीप शर्मा, हरीश चौधरी, मोनू जाटव, मुकुल राजपूत, ध्यान सिंह, अंकित कुमार, कुलविंदर पाल, सुरेन्द्र पाल, शेर सिंह पाल, सतीश कुमार मिश्रा, सचिन राठी, हरित चौधरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

पूर्व राज्यमंत्री महावीर सिंह ने परिवार सहित स्वगणना कराई



स्वगणना कराते पूर्व मंत्री महावीर सिंह।

नूरपुर (चिंगारी)। जनगणना 2027 के तहत स्वगणना अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नगर पालिका परिषद की ओर से जागरुकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सन्तोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में कर्मचारियों ने पूर्व राज्यमंत्री महावीर सिंह के मुरादाबाद रोड स्थित आवास पहुंचकर स्वगणना पोर्टल के माध्यम से उनकी और उनके परिवार की स्वगणना कराई। महावीर सिंह ने नागरिकों से जनगणना अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनगणना देश के विकास और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का महत्वपूर्ण आधार है। प्रत्येक नागरिक को अपने परिवार का सही विवरण देकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग करना चाहिए। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि 16 से 30 नवंबर 2026 तक स्वगणना होगी। इसके बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनसंख्या गणना करेंगे। सन्तोष मिश्र ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि स्वगणना के दौरान परिवार के सभी सदस्यों का सही विवरण दर्ज कराएं और प्राप्त सेल्फ एन्यूमरेशन आईडी सुरक्षित रखें, ताकि जनगणना के दौरान प्रगणक को उपलब्ध कराई जा सके। इस अवसर पर जिला सहकारी संघ के चेयरमैन व भाजपा विधानसभा संयोजक पुष्पेन्द्र शेखावत, वीर सिंह प्रजापति, साबिर मलिक आदि उपस्थित रहे।

खेत से गन्ना चोरी किया

नांगल सोती (चिंगारी)। गन्ने का सीजन शुरू हुआ, तो खेतों में छिला पड़ा गन्ना चोरी करने वाले चोर भी सक्रिय हो गये हैं। ग्राम तिसोतरा से चोरों ने 30 कुंतल गन्ना चोरी कर लिया। ग्राम तिसोतरा निवासी मौ. शाहबान उर्फ शब्बू पुत्र मौ. कासिम ने खेत में गन्ना छीलने के बाद पूलियां बांधकर रख दी गई थीं। चोरों ने सोमवार-मंगलवार की रात्रि में शाहबान के खेत से लगभग 30 कुंतल गन्ना चोरी कर लिया। चोर गन्ने को ट्रैक्टर में भरकर ले गये। मंगलवार को खेत में पहुंचने पर उसे गन्ना चोरी हो जाने का पता लगा। उसने पहले अपने स्तर से चोरों को ढूंढने का प्रयास किया। फिर उसने डायल-112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों ने बताया कि इससे 10 दिन पहले चोरों ने गांव निवासी भानी के खेत से गन्ने की 45 पूलियां चोरी कर ली थीं। थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी का कहना है कि चोरों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।


तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का भव्य समापन, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हल्दौर (चिंगारी)। साईं इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का तीसरे दिन विभिन्न रोमांचक मुकाबलों के साथ शानदार समापन हुआ। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह, अनुशासन, खेल भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में कबड्डी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, रिले रेस, खो-खो, लॉन्ग जंप एवं 100 मीटर दौड़ सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। तीसरे दिन खेलों के अंतिम परिणाम घोषित किए गए, जिनमें सीनियर एवं जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने शानदार उपलब्धियां हासिल कीं। प्रतियोगिता के प्रमुख विजेता सीनियर गर्ल्स वर्ग (कक्षा 9 से 12) कबड्डी में तनिष्का, गुनगुन, ऋषिका, कंचन, आयुषी, शैल, रिया, सलोनी, सारा, परीधि एवं दिशा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो-खो में सोहानी, कनिष्का, जान्हवी, कनिका, अवनी, नैना, सिमरजोत, यशी, पावनी, राशि एवं माही की टीम प्रथम रही।

सीनियर बॉयज वर्ग कबड्डी में आदित्य कुमार, यश, मनहारा, आदर्श, अयान, वासु राणा, रिदांश, नमांश, दीपक, तुषार एवं शौर्य की टीम विजेता रही। वॉलीबॉल (कक्षा 9 से 12) में आदर्श सिंह, आदित्य, यश, दीपक, नमांश, गर्त, मोहम्मद अयान, मृदांश, शौर्य एवं वासु राणा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन में असद मलिक ने प्रथम, आरव शर्मा ने द्वितीय तथा प्रणव सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग के कबड्डी (जूनियर बॉयज) में निशांत राठी, ईशांत, अनमोल, अभिनव, शौर्य कुमार, शौर्य, लवेश, सार्थक, हनी एवं मोहित की टीम प्रथम रही। कबड्डी (जूनियर गर्ल्स, कक्षा 6 से 8) में जिज्ञासा, अस्मी वर्मा, यशी चौहान, गौरी, निम्मी, किट्टू एवं गौरान्वी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी (जूनियर बॉयज, कक्षा 6 से 8) में देव, जय, हरिमोहन, अर्णव, केशव, नितेश एवं अर्श की टीम विजेता रही। रिले रेस के परिणाम में प्रथम स्थान असगर अब्बास, अक्षरी एवं वारिस, द्वितीय स्थान माधव, हसन एवं उमेर, तृतीय स्थान मिहुल रस्तौगी, आदित्यवीर एवं आरव। 100 मीटर दौड़ (कक्षा 1) में प्रथम हिताक्ष, द्वितीय हम्माद तृतीय अवीरा, जिया सिंह विजेताओं को किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य चंचल वशिष्ठ, प्रबंधक भुवनेश सिंह एवं कोषाध्यक्ष आयुष रस्तौगी ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीमों एवं खिलाड़ियों को शील्ड प्रदान की गई, जबकि विजेताओं एवं उपविजेताओं को मेडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। तीन दिवसीय खेल आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में पीटीआई दीपक कुमार, नीलम चौधरी, प्रेरणा शर्मा, हिमांशु चौहान, साजन चौधरी, डी. राठौर, सोनू सिंह, विनय प्रकाश, पूजा तोमर, मीनाक्षी चौधरी, भावना राजपूत, मोहित शर्मा, रवि कुमार सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।



नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया



नहटौर (चिंगारी)। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के संबंध में भाजपा की संगठनात्मक बैठक हुई, जिसमें फॉर्म 6 भरवाने एवं 21 से 27 तक कार्यक्रम की रणनीति बनाई गई। मंगलवार को ब्लॉक कार्यालय के सभागार में मुख्य अतिथि नहटौर विधानसभा प्रभारी पूरन लाल सैनी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। साथ ही नवनियुक्त किसान मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा, पिछड़ा मोर्चा एवं विभिन्न मंडलों के पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती, आपसी समन्वय संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। विधायक ओमकुमार ने कहा कि संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं का सम्मान और जनसेवा का संकल्प ही हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष अतुल मारवाड़ी, जिला मंत्री तिलक राज सैनी, जिला उपाध्यक्ष माया पाल, पीयूष चौहान, हल्दौर, हिमांशु पाराशर, राकेश सैनी, विपिन चौधरी, विपुल चौधरी, अनिल चौहान, सुधा देवी,अन्नी त्यागी, अंकज आसियान, आकाश कुमार, प्रशांत वर्मा, राहुल चौधरी, राजेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

अखिलेश से मिले आसिफ असलम



चांदपुर (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मौ आसिफ़ असलम ने दिल्ली स्थित आवास पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर जनसंपर्क तेज करने और जनता के बीच जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं विचारों को पहुंचाने के निर्देश दिए। मौ. आसिफ़ असलम ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी की सरकार से नाराज है और प्रदेश में बदलाव की उम्मीद कर रही है। आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, मेहनत और समर्पण के साथ जनता के बीच रहकर संगठन को मजबूत करने और जनसेवा के कार्यों में जुटेंगे।

पूर्व सैनिक वैलफेयर एसोसिएशन का स्वागत किया



चांदपुर (चिंगारी)। महात्मा विदुर पूर्व सैनिक वैलफेयर एसोसिएशन का अष्टसिद्ध विशेश्वर धाम जमालपुर बिजनौर में महंत वीरेन्द्र सिंह एडवोकेट ने स्वागत किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के सदस्यों ने महंत जी के माता-पिता व महंतजी का माल्यार्पण किया तथा उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सदस्यों ने सैनिकों, पूर्व सैनिको, वीर नारियों, शहीद परिवार की समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान के लिए पुलिस अधिकारियों से मिलने का निर्णय लिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द लाम्बा, संरक्षक यशपाल सिंह, महासचिव नरेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, चन्द्रभान सिंह, गोपाल सरन, मुनेन्द्र पाल सिंह, लवकुश कुमार, रेशपाल सिंह, खिलेन्द्र सिंह, जसवीर सिंह, सूरजमल, चेतराम सिंह, सोवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

नेता जी ने विधानसभा चुनाव के मंच से किया निकाय चुनाव का प्रचार

अफजलगढ़ (चिंगारी)। मंच किसी का भी हो यदि राजनीति में प्रचार का मौका मिले तो भला कोई पीछे क्यों रहे। फिर मंच पर बड़े नेताओं की मौजूदगी हो और सामने सैकड़ों की भीड़ तो प्रचार का ऐसा अवसर कौन छोड़ना चाहेगा। कुछ ऐसा ही नजारा हाल ही में आयोजित एक राजनीतिक जनसभा के दौरान देखने को मिला, जहां विधानसभा चुनाव से पहले हो रही सभा का मंच अचानक निकाय चुनाव के प्रचार का ठिकाना बन गया। दरअसल जनसभा में पार्टी के बड़े नेता अपने संबोधन के लिए मंच पर मौजूद थे। इसी बीच एक स्थानीय व्यक्ति जो कि पहले से ही मंच पर मौजूद था। उसने निकाय चुनाव को लेकर अपनी बात रखनी शुरू कर दी। खास बात यह रही कि उसका पूरा ध्यान विधानसभा चुनाव की जनसभा से ज्यादा अपने निकाय चुनाव के प्रचार पर दिखाई दिया। यह देखकर पार्टी के एक बड़े नेता ने मंच पर पहुंचकर उसे रोकने और अपनी बात समाप्त करने का इशारा किया लेकिन स्थानीय व्यक्ति भी कहां मानने वाला था। वह अपनी बात पूरी करने की जिद पर अड़ा रहा और आखिरकार अपना संदेश पूरा करने के बाद ही मंच से नीचे उतरा। इस पूरे घटनाक्रम ने जनसभा में मौजूद लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। अब इसे राजनीति में प्रचार का जुनून कहें या मौके का पूरा फायदा उठाने की कला, लेकिन इस घटनाक्रम ने एक बात जरूर चर्चा में ला दी कि मंच भले ही विधानसभा चुनाव का हो नजरें निकाय चुनाव पर भी टिकी रह सकती हैं। बता दें कि वह व्यक्ति आगामी निकाय चुनाव में अफजलगढ़ पालिका अध्यक्ष पद का संभावित प्रत्याशी बताया जा रहा है।

बाला साहेब ठाकरे की 14वीं पुण्यतिथि मनाई



चांदपुर (चिंगारी)। शिवसेना कार्यकर्ताओं ने शिवसेना संस्थापक बाला साहेब ठाकरे की 14वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। नगर स्थित बसंती देवी धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में शिवसेना के राज्य उप प्रमुख पंडित नरेश कुमार शर्मा व जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह ने कहा कि बालासाहेब ठाकरे ने हिंदुत्व की रक्षा, भारतीय संस्कृति की रक्षा, भारत माता की रक्षा, गौ माता की रक्षा, गंगा मां की रक्षा व मजदूर व किसानो की लड़ाई के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। सभी शिव सैनिकों ने संकल्प लिया कि हम स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे के विचारों पर चलकर शिवसेना का परचम पूरे हिंदुस्तान में लहराएंगे। इस अवसर पर मुकेश लांबा, दिनेश तोमर, पुलकित त्यागी, संदीप चौहान, धर्मवीर तोमर, सुरेंद्र शर्मा, वीरेंद्र कश्यप, भूपेंद्र आसाराम सैनी आदि शिव सैनिक मौजूद रहे।

नाम परिवर्तन सूचना

मेरी पुत्री दिशु राजपूत के शैक्षिक अभिलेख में उसकी माता का नाम गलती से HEMLATA DEVI दर्ज हो गया था, जबकि सही नाम HEMLATA है। अब अभिलेख में यही नाम दर्ज किया जाये तथा भविष्य में उन्हें HEMLATA के नाम से ही जाना जाए। - **ललित कुमार पुत्र श्री बलराम सिंह, निवासी-ग्राम व पोस्ट मोरना, थाना-नूरपुर (बिजनौर)।**

स्वगणना के तहत मनाया नगरीय प्रशासन दिवस



किरतपुर (चिंगारी)। नगर पालिका परिषद किरतपुर के तहत स्वगणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की प्रक्रिया के दूसरे दिन को 'नगरीय प्रशासन दिवस' के रूप में मनाया गया, जिसके तहत पालिका अधिशासी अधिकारी महोदया मेघा गुप्ता सहित पालिका की पूरी जनगणना टीम के साथ पालिका मीटिंग हॉल पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वार्ड सभासद एवं नगर के जनप्रतिनिधि को पालिका ईओ द्वारा जनगणना की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जागरूक करते हुए, उनके परिवार की स्वगणना कराई गयी। बैठक में उपस्थित सभासदगणों एवं जनप्रतिनिधियो को अधिशासी अधिकारी द्वारा बताया गया कि 16 से 30 नवंबर तक लोग घर बैठे ऑनलाइन पोर्टल se.census.gov.in पर अपने परिवार और आवास से जुड़ी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। स्वगणना के लिए पोर्टल पर उत्तर प्रदेश का चयन कर परिवार के मुखिया का नाम और मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। ओटीपी सत्यापन के बाद भाषा चुनकर घर का पता, डिजिटल लोकेशन और परिवार के सभी सदस्यों का विवरण भरना होगा। फॉर्म सबमिट करने पर विशेष स्वगणना पहचान संख्या (एसईआईडी) मिलेगी, जिसे सुरक्षित रखना जरूरी है। जनगणना कर्मियों के घर पहुंचने पर यह आईडी दिखानी होगी। इस बार परिवारों से कुल 40 सवाल पूछे जाएंगे। परिवार का मुखिया सभी सदस्यों का ब्योरा एक ही बार में भरेगा। प्रत्येक सदस्य को अलग-अलग लॉगिन करने की जरूरत नहीं है। स्वगणना अनिवार्य नहीं है। ऑनलाइन फॉर्म नहीं भरने वाले परिवारों का विवरण जनगणना कर्मी घर जाकर दर्ज करेंगे। घर-घर जनगणना 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक चलेगी, जबकि 5 से 9 जनवरी तक पुनरीक्षण होगा।

इनकी मौजूदगी रही

बैठक में ट्रेनर रजत जी, पूनम गर्ग, दीपक सलूजा, वार्ड सभासद कन्हैया राणा, अजब सिंह, मयंक कुमार अग्रवाल, मौ आलिम, मौ साकिब, हाफिज अकबर, नामित सभासद रजनी कालरा, संजीव वर्मा सहित नगर के जनप्रतिनिधि व पालिका लेखाकार सुरेंद्र सिंह, ज्ञानेश्वरानंद, प्रशांत, शहज़ादा नासिर, अदनान अज़हर, नौमान, राजा, नीरव आदि पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

शिक्षामित्र ने ज़हरीला पदार्थ खाकर दी जान

पत्नी और दो बच्चों को रोता-बिलखता छोड़ गया नीरज विश्नोई

नगीना (चिंगारी)। बढ़ापुर थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर कुंडा के विद्यालय में कार्यरत शिक्षामित्र नीरज विश्नोई (45 वर्ष) ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। आत्महत्या किए जाने का कोई सही कारण सामने नहीं आया है।

गांव किशनपुर कुंडा नीरज विश्नोई अपने परिवार के साथ नगीना के विश्नोई सराय में रहते थे। बताया जाता है कि सोमवार की देर शाम उन्होंने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। सीएचसी प्रभारी डॉ. विशाल दिवाकर ने बताया कि सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे परिजन नीरज विश्नोई को अस्पताल लेकर आए थे। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। नीरज की मौत की ख़बर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। आसपास के लोगों का कहना है कि मृतक एक संपन्न परिवार से था, उसने आत्महत्या क्यों की यह बात समझ परे है।

सीओ आलोक सिंह ने शिक्षामित्र द्वारा आत्महत्या किए जाने की मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया है।

युवती से छीने गए मोबाइल फोन के साथ दो गिरफ़्तार

एएसपी गौतम राय व सीओ आलोक सिंह ने किया खुलासा



नगीना (चिंगारी)। युवती का मोबाइल फोन छीनने वाले दोनों युवकों को पुलिस ने मोबाइल समेत गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। घटना में प्रयुक्त बाइक को भी सीज कर दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण गौतम राय व सीओ आलोक सिंह ने बताया कि सोमवार को नगीना देहात थाना क्षेत्र के गांव चंदनवाला निवासी रिंकू सिंह की पुत्री मानसी ने तहरीर दी थी। बताया गया कि 13 नवंबर को वह रोडवेज बस स्टैंड पर सवारी का इंतजार कर रही थी, तभी दो अज्ञात लड़के उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए।

विवेचक एसआई प्रवीण कुमार ने बताया कि जांच के दौरान घटना में संलिप्त मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा निवासी फैसल पुत्र सरफराज और शहजाद उर्फ छोटू पुत्र जलील अहमद के नाम प्रकाश में आए। मंगलवार को एसआई प्रवीण कुमार और हेड कांस्टेबल सन्नीराज तोमर व अमित कुमार ने फैसल व शहजाद उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर उनके पास से छीना गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया और घटना में प्रयुक्त बाइक को सीज कर दिया।

पूछताछ में युवकों ने बताया कि 13 नवंबर की शाम छह बजे वे बाइक से तुलाराम की दुकान पर चाय पीने जा रहे थे तो रोडवेज बस स्टैंड के पास एक युवती को मोबाइल से बात करते हुए देखकर उनके मन में मोबाइल छीनने का लालच आ गया और वे मौका पाकर युवती का मोबाइल छीनकर फरार हो गए।

पालिका अध्यक्ष ताहिरा बेगम के आवास पर कराई गई स्वगणना

नागरिकों से की ऑनलाइन पंजीकरण की अपील

नगीना (चिंगारी)। जनगणना-2027 के तहत स्वगणना अभियान को गति देने के लिए नगर पालिका परिषद की ओर से जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष ताहिरा बेगम के आवास पर जनगणना कर्मियों ने मोबाइल के माध्यम से स्वगणना की प्रक्रिया पूरी कराकर सेल्फ एन्यूमरेशन आईडी (स्व-गणना पहचान) विकसित की। अधिशासी अधिकारी एवं जनगणना चार्ज अधिकारी सतीश कुमार के नेतृत्व में जनगणना स्टाफ ने पालिका अध्यक्ष को स्वगणना की प्रक्रिया की जानकारी दी। पालिका अध्यक्ष ताहिरा बेगम ने नगरवासियों से जनगणना के इस राष्ट्रीय अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और निर्धारित अवधि में ऑनलाइन माध्यम से अपनी स्वगणना पूरी करने की अपील की। अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार ने जनगणना कर्मियों को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्वगणना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें और लोगों को ऑनलाइन पंजीकरण के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि स्वगणना के दौरान दी जाने वाली जानकारी सही और पूर्ण होनी चाहिए। इस दौरान नगर पालिका परिषद का जनगणना स्टाफ मौजूद रहा।



चेयरपर्सन ताहिरा बेगम के आवास पर स्व-गणना करते अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार।

मंडी समिति के गेट के पास खोखे में लगाई आग, दो लाख का नुकसान



पीड़िता ने दो लोगों के खिलाफ दी तहरीर

नगीना (चिंगारी)। कोतवाली देहात रोड स्थित मंडी समिति के गेट के पास रखे खोखे में सोमवार की रात्रि अचानक आग लग गई। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। आजाद कॉलोनी निवासी ममता ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से मंडी समिति गेट के पास उसका लोहे का खोखा है और उसके सामने उसका ठेला है। वह किराना का सामान बेचकर परिवार पालती है। सोमवार की शाम साढ़े छह बजे खोखा बंद कर चली गई थी। खोखे में न तो बिजली है और न ही कोई गैस सिलेंडर है। शाम सात बजे उसे पता चला कि उसकी दुकान (खोखे) में आग लग गई है। वह अपने बेटे के साथ मौके पर पहुंची। सूचना मिलने के बाद दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाई। दमकल कर्मी शरण वीर ने बताया कि सूचना मिलने के बाद वह अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे थे और आग पर काबू पाया था। मंगलवार को पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित महिला ने दो लोगों को नामजद करते हुए उसके खोखे में आग लगने का आरोप लगाया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह का कहना है कि पीड़ित महिला द्वारा जो तहरीर दी गई है, उसमें दो लोगों पर आरोप लगाया गया है। आरोपों की जांच की जा रही है।

गांधी मूर्ति पार्क और एचआईसी रोड से हटवाया अतिक्रमण

नगीना (चिंगारी)। नगर पालिका परिषद और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार अपराह्न गांधी मूर्ति पार्क के आसपास और हिंदू इंटर कॉलेज रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर खड़े फास्ट फूड के ठेलों के सामान को जब्त कर पालिका परिसर में भिजवा दिया गया। पालिका के ईओ सतीश कुमार व निर्माण लिपिक नरेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को चलाए गए अभियान के दौरान गांधी मूर्ति पार्क के पास स्थायी रूप से खड़ी होने वाली टैक्सियों को भी हटवाया गया है। टैक्सी चालकों को दोबारा वहां वाहन खड़े नहीं करने की चेतावनी दी गई है। राजस्व निरीक्षक शीतल चौहान और निर्माण लिपिक नरेश कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने पालिका कर्मचारियों की मदद से ठेलों के सामान को ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर पालिका परिसर पहुंचाया। अभियान में मोहम्मद हनीफ, रोहित कुमार, जयकुमार और दिग्विजय शामिल रहे।

संत और भक्त सदैव सहनशील व परोपकारी होते हैं- कपिल कृष्ण महाराज

नगीना (चिंगारी)। श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य कपिल कृष्ण महाराज ने सृष्टि सृजन, भगवान कपिल देव के पावन चरित्र, सती प्रसंग और विभिन्न नरकों का वर्णन किया। विश्नोई सराय में स्थित पंजाबी धर्मशाला के शिव मंदिर में आयोजित भागवत कथा में प्रवचन करते हुए महाराज ने कहा कि एक संत और सच्चे भक्त में सहनशीलता, करुणा, परोपकार और संतोष जैसे गुण होने चाहिए। उसे संसार के सभी लोगों को अपना समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभिमान और किसी का अपमान करने की भावना से किया गया यज्ञ भगवान स्वीकार नहीं करते। राजा दक्ष का प्रसंग इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने कर्मों के अनुसार फल भोगना पड़ता है। जीव हत्या, परधन हरण और दूसरे के अधिकारों का हनन करने वालों को बुरे कर्मों का दंड भुगतना पड़ता है। कथा में आचार्य नवनीत प्रसाद गैरोला, पंडित आशीष नौटियाल, पंडित अजय प्रसाद नौटियाल, संगीताचार्य मनोज उनियाल, तबला वादक अरविंद पैनौली, ओमप्रकाश भट्ट सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे। प्रथम यजमान किशनलाल टंडन व कांता टंडन परिवार और द्वितीय यजमान कुलदीप मेहता व रमा मेहता परिवार ने पूजन और आरती की। कथा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।



प्रवचन करते अचार्य कपिल कृष्ण महाराज। भगवत कथा में हुई आरती कार्यक्रम में हिस्सा लेते श्रद्धालु।

आईएचएमएस की ओर से अन्तर्विद्यालयी प्रतियोगिताओं का आयोजन

हेड हेरिटेज एकेडमी बनी स्टार क्वेस्ट चैम्पियन

कोटद्वार (चिंगारी)। इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से आयोजित अंतर विद्यालयी स्टार क्वेस्ट प्रतियोगिता हेड हैरिटेज एकेडमी के नाम रही। हैरिटेज एकेडमी दो प्रतियोगिताओं में प्रथम और दो प्रतियोगिताओं में दूसरा स्थान प्राप्त कर स्टार क्वेस्ट चैंपियन बनी। कॉलेज के प्रबंध निदेशक बीएस नेगी ने विजेता स्कूल को चैंपियन ट्रॉफी प्रदान की। बीईएल रोड बलभद्रपुर स्थित आईएचएमएस कॉलेज में आयोजित अंतर विद्यालयी स्टार क्वेस्ट प्रतियोगिता में 23 विद्यालयों के 524 छात्र-छात्राओं ने 12 प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के प्रबंध निदेशक बीएस नेगी ने किया।



निर्णायकों द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर रील बाजी प्रतियोगिता में हैरिटेज एकेडमी, बाल भारती और जेपी इंटर कॉलेज, जूनियर मास्टर शेफ बिना आग वर्ग की प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल, जीजीआईसी कोटद्वार और ज्ञान भारती, जबकि जूनियर मास्टर शेफ आग वर्ग की प्रतियोगिता में डीएवी, हैरिटेज और बाल भारती ने क्रमशः प्रथम, दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इंस्ट्रुमेंटल और गायन प्रतियोगिता में हेरिटेज एकेडमी ने, कॉन्वेट स्कूल ब्लूमिंग वेल, एकल एवं समूह नृत्य प्रतियोगिता में कॉन्वेंट स्कूल, जीजीआईसी कोटद्वार और विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जानकी नगर रैंप वॉक प्रतियोगिता में ज्ञान भारती स्कूल, हैरिटेज और डेफोडिल्स क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में सबसे कम उम्र की प्रतिभागी को उनके बेहतर नृत्य के लिए प्रतिभावान प्रतिभागी का सम्मान दिया गया।

इस अवसर पर कॉलेज की डायरेक्टर अक्षिता नेगी, प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा, प्रतियोगिता समन्वयक डॉ. सुरेंद्र जगवान, जन संपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, एडमिशन इंचार्ज विजय पंत सहित कॉलेज के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी और विद्यालयों के छात्र-छात्राएं और शिक्षक मौजूद रहे। प्रतियोगिता का संचालन जिया, योगिता, श्रृति, निधि, सुमित और विशाल ने किया।

भारत-चीन युद्ध के वीर नायक जसवंत सिंह रावत को पुण्यतिथि पर याद किया

कांग्रेस ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

कोटद्वार (चिंगारी)। जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से 1962 के भारत-चीन युद्ध के वीर नायक, महावीर चक्र से सम्मानित, अमर शहीद राइफलमैन जसवंत सिंह रावत की पुण्यतिथि के अवसर पर पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी एवं उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा देश की रक्षा के लिए उनके अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की धरती सदैव से वीरों की जननी रही है। इस देवभूमि के वीर सपूतों ने देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत किया है। कहा कि 19 अगस्त 1941 को पौड़ी गढ़वाल के, बीरोंखाल ब्लॉक के ग्राम बाड्यूं में जन्मे जसवंत सिंह रावत मात्र 19 वर्ष की आयु में भारतीय सेना की 4 गढ़वाल राइफल्स में भर्ती हुए थे। वर्ष 1962 में भारत-चीन युद्ध के दौरान अरुणाचल प्रदेश के नूरानांग क्षेत्र में 17 नवंबर को जब चीनी सेना ने भारतीय सैनिकों के मोर्चे पर भीषण हमला किया, तब उन्होंने अदम्य साहस और अद्वितीय वीरता का परिचय दिया।

कार्यक्रम में बृजपाल सिंह नेगी, साबर सिंह नेगी, प्रदेश सचिव विजय रावत, जानकी बुडाकोटी, प्रवीन जोशी, देवेंद्र सिंह नेगी, सत्येंद्र सिंह नेगी, पूर्व यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित राज और धर्मेंद्र सिंह रावत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

डिजिटल युग में सूचना-संवाद का 'पॉडकास्ट' प्रभावी माध्यम

जिला सूचना कार्यालय में पॉडकास्ट का हुआ शुभारंभ

ऋषिकेश/देहरादून (चिंगारी)। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर जिला सूचना कार्यालय देहरादून में डीआईपीआर डिजिटल पॉडकास्ट का औपचारिक शुभारंभ किया गया। सूचना महानिदेशक एवं एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने स्वयं पहला पॉडकास्ट रिकॉर्ड कर इस डिजिटल पहल की शुरुआत की। महानिदेशक ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में पॉडकास्ट सूचना और संवाद का एक बेहद प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। इसके जरिए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और जनहित से जुड़ी जानकारियों को आम जनता तक बेहद सरल और प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकेगा।

> **फेक न्यूज से बचने की सख्त जरूरत**
>
> **कार्यक्रम के दौरान सूचना महानिदेशक ने सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही 'फेक न्यूज' के बढ़ते प्रभाव पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि डिजिटल दौर में हर नागरिक की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे किसी भी सूचना को आगे बढ़ाने या साझा करने से पहले उसकी सत्यता की भली-भांति जांच अवश्य करें।**

> **सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग**
>
> स्थानीय संस्कृति के प्रसार पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया ने हमारी संस्कृति, परंपराओं और त्योहारों को वैश्विक पहचान दिलाई है। हरेला, इगास और छठ पूजा जैसे लोक पर्वों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि आज इन माध्यमों से हमारी लोक संस्कृति देश-दुनिया के कोने-कोने तक पहुंच रही है। उन्होंने युवा पीढ़ी और पत्रकारिता के विद्यार्थियों से अपील की कि वे सोशल मीडिया का उपयोग समाज में सकारात्मक संवाद, विश्वसनीय सूचना और जनजागरूकता फैलाने के लिए करें। इस दौरान सूचना महानिदेशक ने जिला सूचना कार्यालय देहरादून का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी प्रियंका जोशी, अति.जिला सूचना अधिकारी रवेन्द्र सिंह नेगी, कनिष्ठ सहायक इंद्रेश कोठारी सहित जिला सूचना कार्यालय के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।

चिंगारी
ऋषिकेश-लक्ष्मणझूला में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें-
राजेश शर्मा
मो. 9411361854

22 नवंबर से आरंभ होगा पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान

कोटद्वार (चिंगारी)। पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो से सुरक्षित रखने के लिए राजकीय बेस चिकित्सालय की ओर से 22 नवंबर से राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा। जो 28 नवंबर तक संचालित होगा। इसके तहत पहले दिन विभिन्न स्थानों पर बूथ लगाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, जबकि इसके बाद स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाएंगे। बेस चिकित्सालय के प्रमुख अधीक्षक डॉ. विजय सिंह ने बताया कि अभियान की तैयारियों को लेकर आज 18 नवंबर को उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक के बाद 21 नवंबर को बूथ कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 नवंबर को शहर के विभिन्न स्थानों पर टीकाकरण बूथ बनाए जाएंगे। यहां शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद 23 से 28 नवंबर तक बूथ कर्मी घर-घर जाकर अभियान चलाएंगे और बूथ पर दवा पीने से छूट गए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाना सुनिश्चित करेंगे।

पशु जन्म नियंत्रण केंद्र ने काम करना प्रारंभ किया

कोटद्वार (चिंगारी)। भाबर क्षेत्र के झंडीचौड़ उत्तरी में पशु जन्म नियंत्रण केंद्र ने कार्य करना आरंभ कर दिया है। 24.50 लाख की लागत से बने केंद्र में एक समय में 50 कुत्तों को रखने की क्षमता है। केंद्र के संचालन से कोटद्वार और भाबर क्षेत्र में निराश्रित श्वानों की बढ़ती आबादी को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। मेयर शैलेंद्र सिंह रावत और क्षेत्रीय पार्षद रजनीश बेबनी ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। मेयर ने कहा कि राज्य वित्त से 24.50 लाख की लागत से केंद्र का निर्माण कराया गया है। उन्होंने पशु प्रेमियों से नगर निगम के साथ सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर पार्षद जेपी बहुखंडी, मनीष नैथानी, राजेंद्र बिष्ट, इंद्रजीत सिंह रावत, सुषमा जखमोला, आकांक्षा रावत, एबीसी केंद्र संचालक कुलदीप ठाकुर, कड़क पहाड़ी संस्था के बबलू नेगी, शालू रावत, ऋतु डुकलान, रुचि नेगी, उमा कंडवाल और अक्षित खंतवाल आदि मौजूद रहे।

श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान महोत्सव की तैयारी, जोर-शोर से जारी

कोटद्वार (चिंगारी)। कोटद्वार स्थित सिद्धबली मंदिर में चार दिसंबर से तीन दिवसीय श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान महोत्सव का आयोजन होगा। महोत्सव के पहले दिन नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें देवी-देवताओं की डिजिटल झांकियां मुख्य आकर्षण रहेंगी। वहीं, तीनों दिन धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सिद्धबली मंदिर समिति के उपाध्यक्ष एवं अनुष्ठान समन्वयक विवेक अग्रवाल और महासचिव शिव प्रसाद पोखरियाल ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन चार दिसंबर को सुबह पांच बजे पिंडी महाभिषेक, सात बजे मंदिर परिक्रमा और एकादश कुंडीय यज्ञ होगा। सुबह आठ बजे सिद्धों की डांडा यात्रा निकाली जाएगी। शाम को सिद्धबली मंदिर से देवी मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें देवी-देवताओं की डिजिटल एवं यंत्र चालित झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। मालवीय उद्यान और देवी मंदिर में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पांच दिसंबर को सुबह पांच बजे पिंडी महाभिषेक और सात बजे एकादश कुंडीय यज्ञ होगा। अपराह्न एक बजे से गढ़वाली भजन संध्या आयोजित होगी। प्रसिद्ध गढ़वाली भजन गायक सौरभ मैठाणी और उनके साथी कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे। मुख्य अतिथि जगद्गुरु शंकराचार्य श्रीश्री 1008 राज राजेश्वरानंद महाराज होंगे।

छह दिसंबर को सुबह पांच बजे पिंडी महाभिषेक, सात बजे मंदिर परिक्रमा और एकादश कुंडीय यज्ञ होगा। सुबह दस बजे गढ़वाली जागर का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 12 बजे सिद्धबाबा को सवा मन रोट का भोग लगाने के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। अपराह्न एक बजे से हिंदी भजन संध्या होगी, जिसमें इंडियन आइडल फेम और प्रसिद्ध भजन गायक नितिन कुमार व उनके साथी कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

मेले की तैयारी, जोर-शोर से जारी



चांदपुर (चिंगारी)। नारनौर घाट पर गंगा स्नान पर लगने वाले मेले की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। एएसपी ग्रामीण गौतम राय ने मेला स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था एवं तैयारी की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नारनौर घाट पर गंगा स्नान पर 20 नवम्बर से 24 नवम्बर तक भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए मेला समिति द्वारा पिछले लगभग एक माह से तैयारियां की जा रही हैं। भव्य आरती के लिए मंच तैयार किया गया है। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुधीर पंवार, मेला समिति के नितीश कुमार गुप्ता, बिल्लू गुप्ता, अजय कौशिक आदि मौजूद रहे।



डीएम से मिले हनी तोमर

चांदपुर (चिंगारी)। युवा रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष हनी तोमर ने आज सुबह जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह से भेंट कर उनको पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की तस्वीर भेंट की।

भात देने जा रहे एक युवक की दुर्घटना में मौत, दूसरा घायल

स्योहारा (चिंगारी)। भात देने जा रहे मोटरसाइकिल सवार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी, जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा, जबकि पंचायतनामा भर मृतक को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मुरादाबाद जनपद के कांठ थाना क्षेत्र के गांव नया गांव निवासी साहिल (18) पुत्र फुरकान अपने साथी मोनीश (20) पुत्र अनीश के साथ बाइक से कांठ से गढ़ी मानियावाला, थाना अफजलगढ़ बुआ के बेटे की शादी में भात देने जा रहा था। मंगलवार शाम करीब 7:30 बजे स्योहारा क्षेत्र में रामगंगा पुल के पास उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि साहिल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि मोनीश घायल हो गया। सूचना मिलते ही थाना स्योहारा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सीएचसी स्योहारा भिजवाया। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने बताया कि मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मोर्चरी भेज दिया है। ट्रक की तलाश के साथ ही आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

सीएचसी में 25 महिलाओं के किए गए नसबंदी ऑपरेशन

नगीना (चिंगारी)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को परिवार नियोजन के तहत नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 25 महिलाओं के सफल नसबंदी ऑपरेशन किए गए। सीएचसी प्रभारी डॉ.विशाल दिवाकर ने बताया कि आयोजित शिविर में जिला अस्पताल बिजनौर के वरिष्ठ सर्जन डॉ.नरेश जौहरी ने ऑपरेशन किए। इस दौरान स्वाति, हिमांशी, खुर्शीद अहमद और अमन बंसल ने सहयोग किया। बताया कि सीएचसी में प्रत्येक माह नसबंदी शिविर लगाया जाता है, जिसमें महिला और पुरुष नसबंदी ऑपरेशन किए जाते हैं। उन्होंने लोगों से परिवार नियोजन अपनाने और सरकारी शिविरों में उपलब्ध नि:शुल्क सुविधा का लाभ उठाने की अपील की।

80 कबूतरों को गर्दन मरोड़कर मार डाला, 40 चुरा लिये

किरतपुर (चिंगारी)। किसी अज्ञात ने घर में पल रहे 80 कबूतर गर्दन मरोड़कर मार दिए तथा लगभग 40 कबूतर चोरी कर लिए, जिससे कबूतर पालने वाले को तीन लाख रुपए का नुकसान हो गया। पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है, निकटवर्ती गांव औरंगपुर हृदय निवासी गौरव कश्यप पुत्र ब्रजेश कश्यप ने अपने घर में कबूतर पाल रखे हैं। कल सुबह जब वह कबूतरों को दाना डालने गया तो लगभग 80 कबूतर मरे पड़े मिले। किसी अज्ञात ने कबूतरों की गर्दन मरोड़कर जान से मार दिया था और उनके पर नोच दिए थे तथा अज्ञात लगभग 40 कबूतर चोरी कर ले गया। मरे कबूतरों को देख परिवार में हड़कम्प मच गया। गौरव कश्यप ने बताया कि उसका लगभग तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है। एसओ अमर सिंह राठौर ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। शीघ्र ही इसका खुलासा कर दिया जाएगा।

सभी जनपदवासियों को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकानमाएं

तुरंत आवश्यकता युवक की आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज





हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।









सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476



महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध



सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234



Gents Specialist

Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat

CLASSIC TAILORS

9927060150

CLASSIC SHOES

CLASSIC Shoes

सभी को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं

M: 9897041426

NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus

Add.: Chahshireen Road, Bijnor

सभी को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD

Kajaria Exculsive Showroom

बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट

Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom



DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT

TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY

Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक



8445517265
8791919960

सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर